आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 4 फरवरी 2025 ■ माघ शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-305 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

कांटाबांजी रेलवे स्टेशन पर रेल डिब्बे में मिले 12 बम

कांटाबांजी, 4 फरवरी। एक चौंकाने वाली घटना में, ओडिशा के कांटाबांजी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह एक रेल डिब्बे से 12 बम बरामद किए गए. यह बम सैंटला विस्फोटक फैक्ट्री में तैयार किए गए थे. रेलवे स्टेशन मास्टर के अनुसार, बरामद किए गए सभी 12 बमों को विस्फोटक फैक्ट्री वापस भेज दिया गया है. हालांकि, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है कि ये बम रेलवे डिब्बे में किसने और कैसे लाए. इस घटना से स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में दहशत फैल गई है. आशंका जताई जा रही है कि यह किसी विस्फोट की साजिश का हिस्सा हो सकता है. चूंकि कांटाबांजी माओवादी प्रभावित क्षेत्र में आता है, इसलिए इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है.

नक्सल गतिविधियों पर एनआईए का प्रहार, चार बंदी

कांकेर, 4 फरवरी। नक्सलियों के खिलाफकेवल सुरक्षाबल ही नहीं बल्कि एनआईए भी मोर्चा खोले हुए है. ताजा घटनाक्रम में एनआईए ने कांकेर जिले में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर चार लोगों को गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार, एनआईए की टीम ने कलमुच्चे से 2, उसेली से 1 और आमाबेड़ा से 1 शख्स को गिरफ्तार किया है. सभी गिरफ्तार लोगों के तार नक्सल मामले से जुड़े हुए हैं. इसके पहले भी इलाके में एनआईए की टीम दस्तक दे चुकी है.

छग को रेल सुविधाओं के लिए ऐतिहासिक बजट आवंटन : तोखन साहू

बिलासपुर, 4 फरवरी। छत्तीसगढ़ को केंद्रीय बजट 2025-26 में रेलवे बुनियादी ढांचे और

यात्री सुविधाओं के लिए 6,925 करोड़ का ऐतिहासिक बजट आवंटन मिला है, जो 2009-14 के औसत वार्षिक बजट 311 करोड़ से 22 गुना अधिक है। इस भारी भरकम बजट आवंटन को केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन ने विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में मील का पत्थर बताए हुए इसे विकसित भारत निर्माण के संकल्प के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक बताया है।

बजट को लेकर राज्यमंत्री तोखन ने प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के रेलवे बुनियादी ढांचे के लिए ये एक ऐतिहासिक क्षण है। यह प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत निर्माण के संकल्प की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे बिलासपुर जोन समेत पूरे प्रदेश के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

बजट आवंटन छत्तीसगढ़ के रेलवे बुनियादी ढांचे को बदलने जा रहा है, जिससे कनेक्टिविटी में सुधार, यात्री सुविधा बढ़ेगी और राज्य में आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

सुप्रीम कोर्ट का केंद्र से सवाल

अवैध बांग्लादेशियों को क्यों वापस नहीं भेजा जा रहा

नई दिल्ली, 4 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने भारत में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की अनिश्चितकालीन हिरासत पर सवाल उठाया है. अदालत ने केंद्र सरकार से इन लोगों को उनके देश भेजने के बजाय देश भर में सुधारगृहों में लंबे समय तक कैद करने के बारे में जवाब मांगा. जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने बल दिया कि विदेशी अधिनियम 1946 के तहत गिरफ्तार और दोषी ठहराया गया किसी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी को उसकी सजा पूरी होने के तुरंत बाद निर्वासित किया जाना चाहिए.

पीठ ने पूछा कि विदेशी कानून के तहत सजा काटने के बाद वर्तमान में कितने अवैध

आप्रवासियों को सुधारगृहों में रखा गया है? शीर्ष अदालत ने लगभग 850 अवैध आप्रवासियों की अनिश्चितकालीन हिरासत पर चिंता व्यक्त की. एससी ने 2009 के परिपत्र के खंड 2 (1) का पालन करने में सरकार की विफलता पर सवाल उठाया, जो निर्वासन प्रक्रिया को 30 दिनों में पूरा करने का आदेश देता है. न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि पश्चिम बंगाल सरकार से ऐसे मामलों से निपटने के लिए क्या किया जाएगा.

माजा दारूवाला बनाम भारत संघ का मामला 2013 में कलकत्ता उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में भेजा गया था. यह मामला 2011 में शुरू हुआ था जब एक याचिकाकर्ता ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की दुर्दशा पर चर्चा की, जो अपनी सजा पूरी होने के बाद भी पश्चिम बंगाल सुधार गृहों में कैद थे. कलकत्ता HC ने इस मामले को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने से पहले स्वतः संज्ञान लिया था. पीठ ने कहा कि ये प्रथाएं मौजूदा नियमों के विपरीत हैं, जो तेजी से निर्वासन प्रक्रियाओं की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं. मामले की अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी.

जनअदालत लगाकर नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या

बीजापुर, 4 फरवरी। जिले में नक्सलियों ने जनअदालत

लगाकर दो ग्रामीणों की हत्या कर दी. इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. यह घटना तरेम थाना क्षेत्र के बुडगीचेरू की है. इसकी पुष्टि एसपी जितेंद्र यादव ने की है. पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर नक्सलियों ने मुन्ना माड़वी और राजू कारम को मौत की सजा दी है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंची. घटना स्थल से नक्सलियों का पर्चा बरामद किया गया है. ग्रामीणों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. इस घटना को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा है कि लगातार सुरक्षा बल के जवान नक्सल उन्मूलन पर काम कर रहे हैं. इसके चलते नक्सली बौखला गए हैं और इस तरह की कायराना हरकत कर रहे हैं. इसकी कीमत उन्हें चुकानी होगी।

हम तीन सदस्यीय निकाय हैं, किसी एक व्यक्ति द्वारा संचालित नहीं

आप पर चुनाव आयोग का पलटवार

नई दिल्ली, 4 फरवरी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से एक दिन पहले भारतीय चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर पलटवार किया। चुनाव निकाय ने कहा कि 3 सदस्यीय आयोग ने सामूहिक रूप से दिल्ली चुनावों में ईसीआई को बदनाम करने के लिए बार-बार जानबूझकर दबाव डालने की रणनीति का उल्लेख किया। एक्स पर एक पोस्ट में, चुनाव आयोग ने कहा कि उसने संवैधानिक संयम बरतने, ऐसे आरोपों को समझदारी दिखाते हुए धैर्यपूर्वक झेलने तथा ऐसे आक्षेपों से प्रभावित न होने का निर्णय लिया है।

चुनाव आयोग ने आगे कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर प्रत्येक मामले में 1.5 लाख से अधिक अधिकारियों ने कार्रवाई की। ईसी ने कहा कि ये अधिकारी निष्पक्ष खेल और गैर-

पक्षपातपूर्ण आचरण सुनिश्चित करने के लिए एक स्थापित कानूनी ढांचे, मजबूत प्रक्रियाओं और एसओपी के भीतर काम कर रहे हैं। 'आप' के संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं ने दावा किया है कि निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनाव आचार संहिता के कथित उल्लंघन को नजरअंदाज कर रहा है।

केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि कुमार सेवानिवृत्ति के बाद पद पाने की चाह में भाजपा के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कुमार 65 वर्ष की आयु होने पर 18 फरवरी को पद से सेवानिवृत्त होंगे। ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू अन्य निर्वाचन आयुक्त हैं। चुनाव आयोग का यह बयान आतिशी द्वारा भाजपा के रमेश बिधूड़ी के संबंध में एक पोस्ट में चुनाव आयोग पर आरोप लगाने के बाद आया है। आतिशी ने कहा कि चुनाव आयोग भी गज़ब का है! रमेश बिधूड़ी के परिजन खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मैंने शिकायत दर्ज की और पुलिस और ईसीआई को बुलाया, और उन्होंने मेरे खिलाफ मामला दर्ज किया! राजीव कुमारः चुनावी प्रक्रिया को कितना बर्बाद करोगे।

अरुण देव छग के नए डीजीपी

रायपुर, 4 फरवरी। छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी अरुण देव होंगे। इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा का कार्यकाल 3 फरवरी को समाप्त हो गया है। उनको दो बार सेवा विस्तार दिया जा चुका है। बता दें कि राज्य सरकार ने नए डीजीपी की नियुक्ति के लिए तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों पवन देव, अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता के नामों का पैनल भेजा था, जिनमें अरुण देव गौतम नाम फाइनल हुआ है।

उनका जन्म 16 जुलाई 1968 को हुआ था। मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। बीई मैकेनिकल में डिग्री लेने के बाद उन्होंने पीएससी की तैयारी की। 10 जनवरी 1993 को आईपीएस की नौकरी में आए थे। छत्तीसगढ़ कैडर के 1992 बैच के आईपीएस

हैं। बिलासपुर जिले में प्रशिक्षु आईपीएस के तौर पर पदस्थ थे। इस दौरान वे मस्तूरी थाना प्रभारी थे। अरूण देव गौतम छत्तीसगढ़ कैडर के 1992 बैच के आईपीएस हैं। उन्होंने एमए, एमफिल किया है। एसपी के रूप में कोरिया, रायगढ़, जशपुर, राजनांदगांव, सरगुजा और बिलासपुर में पदस्थ रह चुके हैं। छत्तीसगढ़ आर्ड फोर्स, बिलासपुर, बस्तर, रेलवे प्रशिक्षण भर्ती और यातायात में बतौर आईजी रह चुके हैं।

छग में बना धान खरीदी का नया कीर्तिमान

रायपुर, 4 फरवरी। छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत इस खरीफ सीजन में रिकॉर्ड 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। इसमें मोटा धान 81.98 लाख मीट्रिक टन, पतला धान 10.75 लाख मीट्रिक टन और सरना धान 56.52 लाख मीट्रिक टन शामिल है। धान की यह खरीदी राज्य बनने के बाद का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। धान खरीदी का सिलसिला 14 नवंबर 2024 से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक निरंतर जारी रहा जिसके अंतर्गत राज्य के पंजीकृत 25 लाख 49 हजार 592 किसानों ने धान विक्रय किया। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 31 हजार 89 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। महासमुंद जिला सर्वाधिक 11.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर राज्य में पहले नंबर पर है। वहीं बेमेतरा जिला 9.38 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर दूसरा और बलौदाबाजार-भाटापारा जिला 8.56 लाख मीट्रिक टन धान खरीदकर तीसरा स्थान हासिल की है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी के साथ ही कस्टम मीलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अभी तक 123 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी कर दिया गया है। जिसके विरूद्ध 103 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है। धान उठाव पंजीकृत 4102 राइस मिलरों के जरिए धान का उठाव निरंतर किया जा रहा है। विगत वर्ष 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी।

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर जिले में 27 लाख 60 हजार 712 क्विंटल, बीजापुर में 11 लाख 97 हजार 888 क्विंटल, दंतेवाड़ा जिले में 03 लाख 34 हजार 315 क्विंटल, कांकेर जिले में 53 लाख 14 हजार 290 क्विंटल, कोण्डागांव जिले में 31 लाख 24 हजार 810 क्विंटल, नारायणपुर जिले में 03 लाख 80 हजार 758 क्विंटल, सुकमा जिले में 9 लाख 29 हजार 389 क्विंटल, बिलासपुर जिले में 69 लाख 19 हजार 834 क्विंटल, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 14 लाख 05 हजार 797 क्विंटल, जांजगीर-चांपा जिले में 63 लाख 27 हजार 930 क्विंटल, कोरबा जिले में 29 लाख 15 हजार 548 क्विंटल, मुंगेली जिले में 55 लाख 60 हजार 324 क्विंटल, रायगढ़ जिले में 50 लाख 87 हजार 976 क्विंटल, सक्ती जिले में 51 लाख 37 हजार 411 क्विंटल और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 46 लाख 56 हजार 713 क्विंटल धान की खरीदी गई हैं।

राहुल-प्रियंका गांधी के महाकुंभ जाने की चर्चा

लखनऊ, 4 फरवरी। महाकुंभ में देश और दुनिया के कई बड़ी राजनीतिक हस्तियां शिरकत कर रही है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने महाकुंभ में डुबकी लगाई है। इसी बीच कांग्रेस नेता राहुल और प्रियंका गांधी के महाकुंभ जाने की चर्चा हो रही है। 10 फरवरी के बाद कांग्रेसी नेता महाकुंभ जा सकते है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य कांग्रेसी नेता महाकुंभ में शामिल होंगे और त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगे। महाकुंभ को लेकर कांग्रेस नेताओं की योजनाएं बन रही हैं। महाकुंभ की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। सात समंदर पार के लोग कुंभ की दिव्यता और भव्यता को देखने के लिए आ रहे है। भारत की प्राचीन परंपरा और यहां की सनातन

संस्कृति विदेशी लोगों के मन को भा रही है। जिसके परिणामस्वरूप महाकुंभ में अब तक 35 करोड़ से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा ली है। बसंती पंचमी के मौके पर डेढ़ करोड़ से भी ज्यादा लोगों ने त्रिवेणी संगम में शाही स्नान किया और मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं 10 लाख से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में कल्पवास कर रहे है।

चाकूबाजों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

बिलासपुर, 4 फरवरी। न्यायधानी के सरकण्डा थाना क्षेत्र में रविरात हुई चाकूबाजी के 7 आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है. आरोपी मुन्नू खान, रिंकू खान, अकबर खान, असरफ खान, सलमान खान, खिजाम खान, सहाजद खान ने छठ्ठी कार्यक्रम के दौरान 3 लोगों से आपसी विवाद के चलते मारपीट और चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है. इनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है. इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है.

जानकारी के अनुसार, सरकण्डा के अशोक नगर मुरूम खदान निवासी ओमप्रकाश मानिकपुरी उर्फ गब्बर (23 वर्ष), पिता दयादास मानिकपुरी ने बीते दिन 2 फरवरी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह रात में करीब 9.30 बजे खाना खाकर घर के बाहर खड़ा था, तभी मोहल्ले का संजू दौड़ते हुये आया और बताया कि पप्पू साहू के घर छठ्ठी कार्यक्रम के दौरान श्रवण साहू और मुन्नू खान लोगों से झगड़ा विवाद हो रहा

है. इस पर उसने मौके पर जाकर देखा तो श्रवण साहू को उक्त 7 आरोपी मिलकर लात मुक्के डंडे से मारपीट कर रहे थे. ओमप्रकाश ने मारपीट को रोकने की कोशिश की, तो रिंकू खान ने पीछे से पकड़ा और मुन्नू खान मेरी हत्या करने के नियत से चाकू निकालकर पेट में ताबड़तोड़ वार कर चोट पहुंचाया, इसी बीच पीछे से भी किसी ने उसके सिर पर डण्डे से वार किया, जिससे वह बुरी तरह घायल होकर गिर गया.

प्रार्थी ओमप्रकाश ने शिकायत में यह भी कहा कि सभी 7 आरोपियों ने एक राय होकर श्रवण साहू और मुझे हत्या करने के नियत से मारपीट और चाकू से हमलाकर मौके से फरार हैं. मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने अप.क्र. – 195/2025, धारा – 109, 191(2), 191(3), 190 बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबंद्ध कर सभी फरार आरोपियों की पतासाजी कर आज धर दबोचा है. पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है. पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कुबूल किया है, जिसके बाद सभी को आज न्यायालय में पेश किया गया है.

राहुल गांधी को आत्मनिरीक्षण करने की जरूरतः राजनाथ

नई दिल्ली, 4 फरवरी। लोकसभा में चीन को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दावे के बाद सिसायी बवाल बढ़ गया है। राहुल गांधी के दावे पर अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार किया है। राजनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि राहुल गांधी ने 03 फरवरी 2025 को संसद में अपने भाषण में भारत-चीन सीमा पर स्थिति पर सेना प्रमुख के बयान पर झूठे आरोप लगाए। सेना प्रमुख की टिप्पणी में केवल दोनों पक्षों द्वारा पारंपरिक गश्त में गड़बड़ी का जिक्र था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हालिया विघटन के हिस्से के रूप में इन प्रथाओं को उनके पारंपरिक पैटर्न पर बहाल कर दिया गया है।

राजनाथ ने दावा किया कि सरकार ने ये ब्यौरा संसद में साझा किया है। राहुल गांधी ने सेना प्रमुख के लिए जो शब्द कहे, वे शब्द उन्होंने कभी नहीं कहे। यह अत्यंत खेद का विषय है कि राहुल गांधी को राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर गैर-जिम्मेदाराना राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई भारतीय क्षेत्र है जिसमें चीन आ गया है, तो यह 1962 के युद्ध के परिणामस्वरूप अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किमी और 5,180 वर्ग किमी है। 1963 में पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से चीन को सौंप दिया गया। राहुल गांधी हमारे इतिहास के इस चरण के बारे में आत्मनिरीक्षण करने पर विचार कर सकते हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चीन के प्रवक्ता से भी ज्यादा पड़ोसी देश की तारीफ की। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने सदन के अंदर जो बातें की हैं उन्हें सत्यापित करना चाहिए, अन्यथा आसान को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने सदन के भीतर चीन के प्रवक्ता से भी ज्यादा चीन की तारीफकी है।

गौ-तस्करी करने वालों को खुलेआम सड़कों या चौराहे पर मारी जाएगी गोली

बेंगलुरू, 4 फरवरी। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में गाय चोरी की घटनाओं के बीच प्रभारी मंत्री मनकल वैद्य ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गौ-तस्करी में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों को खुलेआम सड़कों या चौराहे पर गोली मार दी जाएगी। वैद्य ने कहा कि वह जिले में इस तरह की गतिविधियों को जारी नहीं रहने देंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन गायों और गौ-पालकों के हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। वैद्य का यह बयान हाल में होन्नावर के पास एक गर्भवती गाय के वध की घटना को लेकर फैले आक्रोश के बाद आया है।

प्रभारी मंत्री ने कहा, 'गाय चोरी की घटनाएं कई वर्षों से हो रही हैं। मैंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि यह रुकना चाहिए और किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होना चाहिए। यह गलत है। हम गाय की पूजा करते हैं। हम इस पशु को प्यार से पालते हैं। हम इसका दूध पीकर बड़े हुए हैं।' वैद्य ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो भी इस अपराध में शामिल पाया जाए, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में गिरफ्तारी भी हुई है।

मनकर वैद्य ने कहा, 'अगर ऐसी घटनाएं जारी रहीं तो शायद मुझे ऐसा नहीं कहना चाहिए, लेकिन मैं सुनिश्चित करूंगा कि आरोपियों को सड़क पर या चौक पर गोली मार दी जाए। काम करिए, कमाइए और खाइए। हमारे जिले में रोजगार के बहुत विकल्प हैं। मगर, हम किसी भी कीमत पर गौ-तस्करी में शामिल लोगों का समर्थन नहीं करेंगे।' मंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, जब भारतीय जनता पार्टी सत्ता में थी। मंत्री ने इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेरने के लिए विपक्षी दल पर निशाना साधा। उन्होंने सत्ता में रहने के दौरान इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रहने का आरोप लगाया।

ओवैसी के इंच-इंच वाले बयान पर गिरिराज सिंह का पलटवार

किसी के पिता जी का नहीं है भारतीय संविधान

नई दिल्ली, 4 फरवरी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने वक्फ संशोधन बिल को लेकर मंगलवार को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान किसी व्यक्ति विशेष का नहीं है और ओवैसी को इससे इनकार नहीं करना चाहिए। सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रस्तावित विधेयक कानून का पालन करते हुए चलेगा, क्योंकि कोई भी इससे ऊपर नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान किसी का नहीं है और असदुद्दीन ओवैसी को इससे इनकार नहीं करना चाहिए। नरेंद्र मोदी भारत के प्रधान मंत्री हैं और कानून कायम रहेगा।

भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि भारत का संविधान किसी के पिता जी का संविधान नहीं है। ओवैसी गलतफहमी में न जिएं। उन्होंने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम। उन्होंने लोगों के मन में काफी डर पैदा कर दिया है। वक्फ बोर्ड कानून के मुताबिक काम करेगा। इससे पहले एआईएमआईएम नेता और हैदराबाद से लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सरकार को चेतावनी दी है कि वक्फ संशोधन विधेयक को मौजूदा स्वरूप में लागू करने से सामाजिक अस्थिरता पैदा हो सकती है। अपनी चिंताओं पर जोर देते हुए, ओवैसी ने सरकार को विधेयक पर आगे बढ़ने के प्रति आगाह किया। वक्फ संशोधन बिल को संयुक्त संसदीय

समिति ने 14-11 वोटिंग से मंजूरी दे दी है और जल्द ही इसे संसद में पेश किए जाने की संभावना है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस में हिस्सा लेते हुए औवेसी ने कहा कि मैं इस सरकार को सावधान कर रहा हूं और चेतावनी दे रहा हूं- अगर आप वर्तमान स्वरूप में वक्फ कानून लाते हैं और बनाते हैं, जो अनुच्छेद 25, 26 और 14 का उल्लंघन होगा, तो इससे इस देश में सामाजिक अस्थिरता पैदा होगी। इसे पूरे मुस्लिम समुदाय ने खारिज कर दिया है। कोई वक्फ संपत्ति नहीं बचेगी, कुछ नहीं बचेगा। आप भारत को 'विकसित भारत' बनाना चाहते हैं, हम ''विकसित भारत' चाहते हैं। लेकिन अगर आप इस देश को '80 और 90 के दशक की शुरुआत में वापस ले जाना चाहते हैं, तो यह आपकी ज़िम्मेदारी होगी।

उन्होंने आगे कहा कि हर मुसलमान को भारतीय होने पर गर्व है और वह अपनी जमीन छीनने नहीं देगा। ओवैसी ने कहा कि क्योंकि, एक गौरवान्वित भारतीय मुस्लिम के रूप में, मैं अपनी मस्जिद का एक इंच भी नहीं खोऊंगा। मैं अपनी दरगाह का एक इंच भी हिस्सा नहीं खोऊंगा। मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगा। हम अब यहां आकर कूटनीतिक बातचीत नहीं करेंगे।' यह वह सदन है जहां मुझे खड़े होकर ईमानदारी से बोलना है कि मेरा समुदाय - हम गर्वित भारतीय हैं। यह मेरी संपत्ति है, किसी ने नहीं दी है। आप इसे मुझसे नहीं छीन सकते। वक्फ मेरे लिए इबादत का एक रूप है।

गुजरात ने भी कर दिया यूसीसी लाने का ऐलान

अहमदाबाद, 4 फरवरी। उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की तैयारी है। इस मुद्दे पर आज गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यूसीसी का मसौदा तैयार करने और कानून बनाने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी। इस कमेटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई करेंगी। सीएम भूपेंद्र पटेल ने बताया कि यूसीसी से जुड़ी इस कमेटी में 5 मेंबर्स होंगे।

गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने प्रेस वार्ता में बताया कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का

मसौदा तैयार करने और कानून बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। समिति 45 दिनों में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर सरकार निर्णय लेगी। समान नागरिक संहिता, भाजपा के मुख्य वादों में से एक है, जिसमें विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने आदि जैसे मामलों में सभी धार्मिक समुदायों के लिए एक ही कानून का प्रावधान है। गुजरात में भाजपा सरकार काफी समय से इसपर विचार कर रही है। 2022 में, सरकार ने राज्य में नागरिक संहिता की व्यवहार्यता और आवश्यकता का पता लगाने के लिए एक समिति का गठन किया। पैनल की भूमिका इस तरह के कोड की आवश्यकता की जांच करने तक सीमित थी। पिछले महीने, उत्तराखंड भारत की स्वतंत्रता के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बना। यहां 27 जनवरी से यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हो गया।

एक नजर

मुख्य नपाधिकारी ने सफाई का निरीक्षण किया

जामुल,4 फरवरी। नगर पालिका क्षेत्र जामुल में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति सीमा बक्शी ने सफाई कार्य का निरीक्षण किया । अल सुबह से ही वार्ड क्र. 18, 17, 07, 03 में हो रहे सफाई कार्यों के संबंध में फील्ड सुपरवाईजरों से जानकारी लिया और हिदायत दी कि सफाई कार्यों में तेजी लाये एवं निरंतरता एवं निगरानी बनाये रखें । इसके साथ ही वार्डवासियों से भी जानकारी लिया गया । मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति बक्शी ने आम लोगों से अपील किया कि किसी भी प्रकार के कचड़ों को नाली या सड़क में ना फेंके । घर-घर से कचड़ा एकत्र करने वाले स्वच्छता मित्रों को ही दें एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी कचड़ा न डालें नगर को स्वच्छ एवं साफ बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें । वार्ड निरीक्षण में सफाई सुपरवाईजर बशीर खान, रमेश मारकण्डे सहित स्वच्छता विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित थे ।

देवांगन समाज ने परमेश्वरी महोत्सव मनाया

जामुल,4 फरवरी। नगर पालिका क्षेत्र जामुल के ग्राम सुरडुंग में बसंत पंचमी के अवसर पर देवांगन समाज द्वारा मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर थे । देवांगन समाज के आराध्या माता परमेश्वरी के महोत्सव में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने समाज गंगा को नमन कहते हुए कहा कि किसी भी समाज की पहचान उनके संख्या से नहीं बल्कि संगठन एवं सक्रीयता से होती है । आप लोगों ने मुझे इस सामाजिक महोत्सव में आमंत्रित किया इसके लिए मैं आप सभी सामाजिकगणों के प्रति कृतज्ञ हूं और मां परमेश्वरी से प्रार्थना करता हूं कि आपका समाज संगठित होकर आगे बढ़े । और आप लोगों ने जो भी मांगे रखीं है उसे अपने निधि से पूरा करूंगा । कार्यक्रम विशेष रूप से पार्षद अहिल्या वर्मा वरिष्ठजन तुलाराम टंडन, आत्मा राम वर्मा, देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष अनिल देवांगन, भुषण देवांगन, पूर्व कोषाध्यक्ष, अनिल देवांगन पूर्व सचिव कन्हैया लाल देवांगन, वरिष्ठ सामाजिक पदाधिकारी भरत देवांगन, संरक्षक भुनेश्वर देवांगन सहित देवांगन समाज से संबंधित सभी स्वजातीय गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

निर्दलीय प्रत्याशी के घर में चोरी

भिलाई,4 फरवरी। अम्लेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका परिषद वार्ड-चार में अज्ञात चोर ने चोरी की है चोरी खूबी राज सोनकर के बाड़ी में हुई वे नगर पालिका परिषद के चुनाव में वार्ड-सात से निर्दलीय प्रत्याशी हैं उनके मकान का ताला तोड़कर गोदरेज गल्ला का तोड़फोड़ कर चोरी की गई है लगभग 50-60 हजार नगदी कुछ सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने की जानकारी उन्होंने मीडिया को शेयर की है साथ ही 112 को सूचना दी गई जिस पर तुरंत संज्ञान में लेकर मौके का अम्लेश्वर पुलिस सीसीटीवी फुटेज पुलिस कंगाल रही है।

शादी का झांसा दिया शोषण करने वाला गिरफ्तार

भिलाई,4 फरवरी। भिलाई शादी का प्रलोभन देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को हैदराबाद तेलंगाना से वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है वैशाली नगर प्रभारी अमित कुमार अंदानी ने बताया कि प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी नारगुला बालाकृष्णा 41 वर्ष निवासी हैदराबाद तेलंगाना ने शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को पकड़ने टीम गठित की। पुलिस आरोपी के मोबाइल नंबर का सीडीआर व कै फ निकलवाया तो लोकेशन रहमत नगर हैदराबाद तेलंगाना होना पाया इसके बाद टीम रवाना की पुलिस ने आरोपी नारगुला बालाकृष्णा को पकड़ा आरोपी से पूछताछ करने अपना जुर्म स्वीकार किया।

कांग्रेस से अध्यक्ष प्रत्याशी संतोष यादव का जनसंपर्क जारी

कवर्धा, 4 फरवरी। कवर्धा नगर पालिका से

कांग्रेस से अध्यक्ष प्रत्याशी संतोष यादव जनसंपर्क करते हुए देखे जा रहे है और दुकानदारों , जनता ओर बुजुर्गों से आशीर्वाद मांगते हुए भी देखे जा रहे है । संतोष यादव ने कहा की उन्हें विश्वास है की जनता अवश्य जिताएगी।

फल की दुकानों में मिल रहा है गुटखा

साजा। फल दुकानों में आखिर गुटखा बेचना चिंतनीय विषय है अधिकारियों को ध्यान देने की आवश्यकता है ।

कवर्धा नगर पालिका चुनाव में भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी चंद्रप्रकाश ने किया सघन जनसंपर्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,4 फरवरी। नगर पालिका चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपना प्रचार तेज कर दिया है द्य भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने डोर टू डोर जनसम्पर्क चालु कर दिया है । रविवार को भाजपा ने नगर पालिका क्षेत्र में अपना प्रचार बढाते हुए सभी वार्डो में जनसम्पर्क चालु कर दिया है वहीँ अध्यक्ष प्रत्याशी एक दिन में 3 .4 वार्डो तक पहुचने की कोशिश में अथक मेहनत में जुटे है । बाजे गाजे के साथ रविवार को जनसम्पर्क अभियान शुरू करते हुए अध्यक्ष प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश ने वार्ड न 24,25,26,27 में सुबह से लेकर देर शाम तक जनसम्पर्क में लगे रहे । सोमवार को वार्ड 12,3,14,15 में सतत जनसम्पर्क किया । दुर्गा मंदिर कालिका नगर दर्री पारा रुपेश जैन कालोनी .बावा पारा. रायपुर रोड ठाकुर देव चौक घोटिया रोड चौराहा जुनवानी रोड घोटिया रोड तिराहा घोटिया फार्म ठाकुर देव चौकनवीन बाजार .बी आर टेलर्स विक्की वीडियो मारुति मेडिकल दाना बाबू राईस मिल दुर्गा मंच से शिव चौक लोहारा नाका से बस स्टैंड तक जनसंपर्क किया गया द्य अध्यक्ष प्रत्याशी जिन वार्डों में पहुच रहे है वहां व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है । इस बीच वार्ड के पार्षद भी अपने अपने वार्डो में व्यक्तिगत सम्पर्क में जुटे हुए है ।जनसम्पर्क कार्यक्रम में सभी वार्ड के प्रभारी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल सिंह ठाकुर अतुल देशलहरा ,मनहरण कौशिक राजेन्द्र सलूजा डॉ. भाई राम साहू ,गुरु शरण गुप्ता डॉ अतुल देव वर्मा,नूतन साहू,मनोजसाहू,अशोक साहू गोलू,सचिन अग्रवाल,दीपक ठाकुर सचिन गुप्ता,तुषार साहू,राकेश साहू,राजा पियूष टाटिया,श्रीकांत उपाध्याय ,मनोज गुप्ता एसुरेन्द्र गुप्ता,पवन जायसवाल,हरीश साहू, संभु देवागन एगोपाल सेन एसविता ठाकुर ,सुनील साहू,संजीव कुर्रे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे ।

भाजपा वो पार्टी है जो बोलती है वो करती है:बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई,4 फरवरी। नगरीय निकाय चुनाव 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल ने पुरी कमर कस ली है। देवांगन भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पंच लेकर पार्लियामेंट तक विकास का कमल खिलाने का संकल्प वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ लिया। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा देश की वो पार्टी है जो बोलती है वो करती है। मोदी की गारंटी में हमने जितने भी वादे किए थे सब विष्णु के सुशासन में पूरा हो रहा है। सांसद ने पूर्वर्ती कांग्रेस सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने केवल और केवल भ्रष्टाचार किया है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण आप सब देख रहे है उनके नेता और अधिकारी आज जेल में है। ऐसे भ्रष्टाचारीयों को सत्ता से बाहर कर आप सबने विकास का कमल खिलाया है और इसी कमल पर भरोसा करते हुए फिर से आप लोगो के पास कमल खिलाने का अवसर आ गया है। यह कमल पाटन के विकास का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। आप सभी यहाँ से एक ही संकल्प लेकर जाए न कोई चुक, न कोई भूल मेरा प्रत्याशी कमल का फूल और अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशीयों को विजयी बनाएं। सम्मेलन में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, अध्यक्ष पद के प्रत्याशी योगेश निक्की भाले, नगरीय चुनाव प्रभारी दिलीप साहु, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर,पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर,मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, महामंत्री अखिलेश मिश्रा,हरि शंकर साहु,मेहतर वर्मा , राजा पाठक,जिला भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष दिव्या कलिहारी,बाबा वर्मा,प्रकाश बिजौरा,पूर्व नपा अध्यक्ष भवन देवांगन,वरिष्ठ भाजपा धनराज साहु,पूर्व सरपंच निर्मल जैन,हिमाचल साहु,छबि देवांगन,विनीता देवांगन,पवन देवांगन,लक्ष्मी भाले,कीर्तन देवांगन,नीलू देवांगन,नारायण वर्मा, जिला उपाध्यक्ष चंद्र किरण मिश्र आदित्य सारणी,सागर सोनी के अलावा अन्य भाजपा कार्यकर्ता ,आम जन के साथ 15 वार्ड के प्रत्याशी उपस्थित थे मंच संचालन महामंत्री हरिशंकर साहु ने किया आभार प्रदर्शन

प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने जनता है तैयार: भावना बोहरा

कवर्धा, 4 फरवरी। नगरीय निकाय चुनाव के बाद 17 फ़रवरी से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने है। सभी पार्टियों ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों को घोषणा कर दी है वहीं नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में आज कबीरधाम जिला कार्यालय, कवर्धा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा कबीरधाम जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 प्रत्याशी दीपा धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 2 से उत्तरा साहू, क्षेत्र क्रमांक 4 से राजेश्वरी महेंद्र कुमार धृतलहरे, क्षेत्र क्रमांक 12 से रोशन दुबे एवं क्षेत्र क्रमांक 13 से राजकुमारी राजेन्द्र साहू के नामांकन रैली में शामिल हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि नामांकन रैली में उमड़ी भीड़ और जनता का उत्साह यह स्पष्ट कर रहा है कि जनता भाजपा के साथ है और हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को प्रचंड मतों से विजयी बनाएगी। विगत चुनाव में मैनें भी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 से अपनी राजनीतिक शुरुआत की थी और जनता ने जितना अपार समर्थन और सहयोग मुझे दिया वह आजीवन मुझे याद रहेगा। मेरा सौभाग्य रहा की मुझे मेरे क्षेत्रवासियों की सेवा करने का अवसर मिला इसके लिए मैनें जो संकल्प किये थे उन्हें पूरा करना मेरे लिए अपने आप में गौरव की बात है। विगत चुनाव में हमने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की थी और हमें पूरा विश्वास है कि इस वर्ष भी चुनाव में क्षेत्र की जनता भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाएगी।

ब्लास्ट फर्नेस विभाग ने जारी किया विभागीय सुरक्षा कैलेंडर

भिलाई, 4 फरवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में जनवरी माह को सुरक्षा माह के रूप में मनाया जाता है। सुरक्षा माह के अंतर्गत ब्लास्ट फर्नेस विभाग ने 8 जनवरी से 14 जनवरी तक सुरक्षा सप्ताह मनाया। इस सप्ताह के तहत आयोजित सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में 750 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया ब्लास्ट फर्नेस विभाग की सुरक्षा टीम द्वारा संयंत्र के अधिकारियों, कर्मियों और ठेका श्रमिकों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई आकर्षक और शैक्षिक गतिविधियाँ आयोजित की गई। विभागीय सुरक्षा कैलेंडर 30 जनवरी, 2025 को कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार और मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में जारी किया गया। अंजनी कुमार ने अपने संबोधन में ब्लास्ट फर्नेस के सुरक्षा टीम के महत्वपूर्ण योगदान की प्रशंसा की। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजन आनंद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। विभागीय सुरक्षा कैलेंडर महाप्रबंधक विकास नशीने और सहायक महाप्रबंधक हेमंत कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में ब्लास्ट फर्नेस विभाग की सुरक्षा टीम द्वारा तैयार किया गया।

दीपशिखा विद्यालय में बसंत पंचमी हर्षोल्लास से मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 4 फरवरी। प्रतिवर्ष की भांति दीपशिखा विद्यालय डूमरडीह, उतई में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुरोहित पं संतोष कुमार मिश्रा जी के द्वारा विधिवत मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया ।मुख्य यजमान के रूप में शिक्षण समिति के सचिव डी एल सिन्हा, प्राचार्य के आर सिन्हा अपने परिवार के साथ शामिल हुए तथा साथ में पूरा विद्यालय परिवार शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी सम्मिलित होकर बुद्धि के दाता ज्ञान दायिनी मां शारदा से विद्यालय परिवार की सुख शांति एवं खुशहाली के लिए तथा व्यक्तिगत कामना पूर्ण हेतु प्रार्थना की । इस अवसर पर पंडित मिश्रा जी ने बजरंग पाठ भी किया । सभी विद्यार्थियों ने अपने उज्जवल भविष्य एवं सद्बुद्धि, सन्मार्ग के लिए मां सरस्वती से कामना करते हुए पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं ,विद्यार्थियों के साथ-साथ पालक शिक्षक समिति की सदस्य श्रीमती तुलसी देवांगन ,श्रीमती झरना हिरवानी एवं अन्य पालक गण उपस्थित रहे ।अंत में महाभोग का वितरण किया गया।

नालियों पर अतिक्रमण कर सफाई कार्य को बाधित करने वालों पर होगी कार्रवाई:आयुक्त

भिलाई, 4 फरवरी। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्र. 03 अंतर्गत वार्डो में साफ-सफाई को लेकर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने मुरकटटा स्कूल एवं बैकुंठ धाम से लगी हुई बस्तियों में जाकर सफाई व्यवस्था को देखे। बैकुंठ धाम क्षेत्र के अगल-बगल बस्तियों में कुछ नागरिकों द्वारा नालियों पर अवैध अतिक्रमण कर रखा गया है, जिसके कारण नाली सफाई नहीं हो पा रहा है। जिसे हटाने के निर्देश अधिकारियो को दिये। साथ ही मंदिर निर्माण कर निगम की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे रोकने के निर्देश भी दिये। आयुक्त पाण्डेय ने स्वास्थ्य अधिकारी एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी से कहा कि अवैध रूप से निगम की जमीन पर बिल्डिंग मटेरियल रख कर व्यापार करने वाले व्यापारियो का गुमस्ता एवं ट्रेड लाइसेंस निरस्त कर चालानी कार्यवाही की जावे। इसी प्रकार दाल पानी क्षेत्र में नालियों के ऊपर अवैध कब्जा किया गया है, जिसे हटाकर स्थल की साफ-सफाई कराने को कहा है। आयुक्त ने जोन राजस्व अधिकारी को वार्डो में जाकर अवैध कब्जा करने वालो पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उसके पश्चात जोन 03 क्षेत्र में प्रस्तावित नहर नहर रोड का निर्माण किया जाना है। जोन क्रमांक 4 से होते हुए अवंती बाई चौक पर मुख्य सड़क से मिला मिलेगा। इससे नागरिकों को आवागमन में बहुत सुविधा होगी। नहर के दोनों तरफ बहुत सारे लोगों ने दुकान व घर बनाकर अतिक्रमण कर रखा है। उसे नोटिस देकर हटवाने के लिए कहा। जोन 3 क्षेत्र में शीतल परिसर के पीछे आंगनबाड़ी समय पर संचालित नहीं किया जा रहा है। उसका पता लगाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने महिला एवं बाल विकास प्रभारी को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त सतीश यादव, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, अभियंता नितेश मेश्राम, श्री मरकाम, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला,जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे अभिनव ठोकने आदि उपस्थित रहे।

संतरी से मारपीट करने वाला गिरफ्तार

भिलाई,4 फरवरी। भिलाई बिना हेलमेट के सीएएफ फर्स्ट बटालियन के गेट में घुसने से रोकने पर बाइक सवार आरोपित चंद्रदीप मिश्रा ने गेट पर

तैनात संत्री से मारपीट की गाली-गलौज कर उसकी वर्दी भी फाड़ दी आरोपित शराब के नशे में था घटना की शिकायत पर स्मृति नगर चौकी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है आरोपित को न्यायालय पेश कर रिमांड पर जेल भेजा गया है स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि बटालियन में पदस्थ सिपाही संजय कुमार कुर्रे की शिकायत पर हरि नगर कातुलबोड़ निवासी आरोपित चंद्रदीप मिश्रा के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, शासकीय सेवक से मारपीट और गाली-गलौज की धाराओं के तहत प्राथमिकी की गई है रविवार को दोपहर करीब तीन बजे आरोपित आरोपित बाइक से बटालियन के वीर कोमल द्वार से भीतर प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था गेट पर तैनात संत्री कुर्रे ने बिना हेलमेट के किसी को भीतर प्रवेश न करने देने के आदेश की जानकारी देते हुए आरोपित को रोका तो उसने उससे गाली-गलौज शुरू कर दी मना करने पर सिपाही से मारपीट की और उसकी रायफल छीनने की कोशिश की जब वो रायफल छीनने में सफल नहीं हो सका तो आरोपित ने पीड़ित की वर्दी को फाड़ दी विवाद होता देख सीएएफ के अन्य जवान पहुंचे और आरोपित को पकड़ा शराब के नशे में धुत आरोपित ने सीएएफ के सिपाही की फाड़ी वर्दी परिसर में बिना हेलमेट दो पहिया सवार के प्रवेश पर है प्रतिबंध।

हर पंद्रह दिन में रिसाली के वार्डों की सफाई गैंग से:आयुक्त

रिसाली। निगम के प्रत्येक वार्डो में अब हर पन्द्रह दिन में बड़े स्तर पर सफाई कार्य किया जाएगा। इसकी शुरुआत सोमवार से की गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने मैत्री नगर और शक्ति विहार में चल रहे सफाई अभियान को देखा। उन्होंने सार्वजनिक नाली पर ढाले स्लैब और टाइल्स को हटाकर सफाई के निर्देश दिए। नाली के ऊपर लगाए 4 नग साइन बोर्ड को जब्त भी किया गया। खास बात यह है कि मैत्री नगर मार्केट से लगे स्ट्रीट की नाली सफाई कई महिने से नहीं हुई थी।

अधिकांश नाली मलबे से पट चुका था। जिसे आयुक्त की मौजूदगी में निकाला गया। उन्होंने सफाई मित्रों को निर्देश दिए कि लोगों को समझाईश दे कि नाली में पॉलीथिन जैसे अन्य कपड़ा डाइपर पैड, को न डाले। आयुक्त ने इस दौरान पार्षद

सुनंदा चंद्राकर और शक्ति विहार के पार्षद डॉ सीमा साहू से वार्ड में सबसे ज्यादा गंदगी वाले क्षेत्र को चिन्हित करने कहा। साथ ही लोगों को जागरूक करने भी कहा। निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नाली सफाई में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करे। नाली के ऊपर स्लैब और टाइल्स लगे होने पर उसे तोड़कर सफाई करे। सभी को हिदायत दे कि नाली पर स्लैब व टाइल्स न लगाए। निर्देशों का पालन नहीं करने पर जुर्माना वसूल करे। गैंग अब ऐसे विज्ञापन वाले साइन बोर्ड और तख्ती को उखाड़ जब्त करेंगे जो बिना अनुमती सड़क या नाली के किनारे लगाए गए है। मैत्री नगर के अलावा अन्य वार्डो में लगे साइन बोर्ड को सूचीबद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। पूर्व में निगम क्षेत्र में बारिश के पहले ही नहरों की सफाई करने गैंग तैयार किया जाता था। निगम आयुक्त के निर्देश पर पहली बार 20-20 सफाई मित्र वाले गैंग तैयार किया है। जो हर पन्द्रह दिन में रोटेशन आधार पर वार्डो में पहुंचेगे और स्वच्छता समेत अभियान के तहत नाली, नहर सफाई, जंगल क्लीन करेंगे।

नेहरू नगर चौक के वर्टिकल गार्डन का किया जा रहा संधारण

भिलाई, 4 फरवरी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र का नेहरू नगर प्रमुख चौक में से एक है। नेशनल हाईवे होने के कारण सबसे ज्यादा ट्रैफिक का दबाव चौक पर रहता है। व्यस्ततम आवागमन के कारण वहां की आबो हवा अन्य जगहो की अपेक्षा प्रदुषित हो जाती थी। एक तरफ बड़े-बड़े हैवी ट्रकों, बसों, मेटाडोर, ट्रेक्टर, ट्रेलर, मिनी बस, आटो, कार, दुबहिया वाहन इत्यादि वाहनो का आना-जाना लगा रहता है। बड़ते वायु, ध्वनि प्रदूषण के दबाव को रोकने के लिए वहां पर वर्टिकल गार्डन लगाया गया था। गाड़ियो से निकलने वाले धूल, धुआं, गर्म हवाओ के कारण जो पूर्व में वर्टिकल गार्डन लगाया गया था, उसमे से कुछ पौधे सूख गये थे।

फर्जी आई कार्ड दिखाने पर की गई कार्रवाई

भिलाई,4 फरवरी। भिलाई नेहरु नगर में वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन चालक को रोक कर कागजात एवं लाइसेंस चेक करने पर फर्जी एसीबी

का उसने अधिकारी कार्ड दिखाया पुलिस को शक होने पर कार्रवाई की पुलिस ने फर्जी आईडी कार्ड जब्त कर लिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) ऋचा मिश्रा ने बताया कि यातायात पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान नेहरू नगर चौक में वाहन क्रमांक सीजी 05 एबी 7335 वाहन चालक को रोकने पर वाहन चालक सन्नी जैन निवासी शांति नगर सुपेला निवासी ने अपने आप को एसीबी का अधिकारी बताया मोबाइल में फर्जी आई कार्ड दिखाने पर वाहन चालक पर शंका होने से पूछताछ की तो पता चला कि उसका आई कार्ड फर्जी था एवं पुलिस को गुमराह करने अपराध की श्रेणी होने पर वाहन एवं चालक दोनों को कार्रवाई के लिए थाना सुपेला के सुपुर्द किया गया एएसपी यातायात ने बताया कि ऐसे ही पिछले दिनों यातायात पुलिस को एक कार चालक हुडको क्षेत्र में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुआ था वाहन चालक तेज रफ्तार में वाहन को चलाते दिखा साथ ही एक महिला जो रोकने का प्रयास कर रही थी उसे ठोकर मारकर भागते दिखने पर यातायात पुलिस वाहन व वाहन मालिक का पता कर यातायात कार्यालय लाया। लापरवाहीपूर्वक वाहन चालन के तहत कार्रवाई करते हुए 3000 रुपए चालान किया लाइसेंस सस्पेंड करने के लिए परिवहन विभाग को भी भेजा गया है। इसी प्रकार वाहन चालक वाहन में ब्लैक फिल्म एवं पुलिस का सायरन उपयोग करते सिविक सेन्टर क्षेत्र में पाये ।

यूथ सिख समिति के सेवा कार्यों में जुड़ा एक और महत्वपूर्ण कार्य :इन्द्रजीत

भिलाई, 4 फरवरी। यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों में एक और महत्वपूर्ण कदम जुड़ गया है। समिति के संकल्प के अनुसार, जरूरतमंद सिख परिवारों की बेटियों की शादी कराने के अपने उद्देश्य को साकार करते हुए हमारी समिति की पहली बेटी का विवाह संपन्न हो गया है। गुरुनानक नगर गुरुद्वारा साहिब में इस शुभ अवसर पर पूरे रीति-रिवाजों के साथ लामा फेरे की सेवा संपन्न करवाई गई। समिति की ओर से विवाह में लंगर का संपूर्ण प्रबंध किया गया ताकि आने वाले सभी मेहमानों को सच्ची सेवा का अनुभव प्राप्त हो। इसके साथ ही, नवविवाहित बेटी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उसे एक सिलाई मशीन भी भेंट की गई, जिससे

वह अपने जीवन में आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ आगे बढ़ सके। यह विवाह न केवल एक परिवार की खुशी है, बल्कि पूरी संगत की सेवा भावना और समिति की अटूट निष्ठा का प्रतीक भी है। युथ सिख सेवा समिति भिलाई आगे भी इसी तरह अपने समाज की सेवा में तत्पर रहेगी और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करती रहेगी। सभी संगत का इस पुनीत कार्य में योगदान देने के लिए धन्यवाद। सेवा और समर्पण का यह मार्ग आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ छोटू, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह,पवित्र सिंह, रिची सिंह, काके अरोड़ा, हरजिंदर सिंह, सर्वजीत कौर, संतोष कौर, कुलवंत कौर, परमजीत कौर, सलविंदर कौर, कमलजीत कौर सहित समिति के अन्य सदस्यों ने उपस्थित होकर नव विवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया।

एक नजर

कृषि विश्वविद्यालय में सोल्लास मनाई गई बसंत पंचमी

रायपुर, 4 फरवरी । आज बसंत पंचमी के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल नेहरू पुस्तकालय में आयोजित सरस्वती पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. वी.के. पाण्डेय, कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, संचालक अनुसंधान डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार डॉ. एस.एस. टुटेजा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया नगरीय निकाय के मतदान केंद्रों का निरीक्षण

जगदलपुर 4 फरवरी। कलेक्टर श्री हरिस एस ने नगरीय निकाय निर्वाचन के तैयारियों के तहत सोमवार को जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया । उन्होंने बस्तर क्लब, शहीद भगत सिंह स्कूल, बोधघाट के पास और टैगोर स्कूल भवन में बनाए गए मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मतदान केंद्रों में वाल राइटिंग के माध्यम से मतदाताओं को जानकारी देने की सुविधा को और बेहतर करने के निर्देश दिए ।इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त श्री निर्भय साहू उपस्थित रहे । इसके अलावा वार्डों में आम नागरिकों को नगरीय निकाय चुनाव में प्रयुक्त की जाने वाली मतदान मशीन (ईव्हीएम) के डेमोट्रेशन का भी कोर्ट चौक में निरीक्षण किया। उन्होंने मशीन की सभी प्रणाली के संबंध में नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि नगरीय निकाय निर्वाचन में उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम का सभी वार्डों में प्रदर्शन कर मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है ।

कल्याणपुर का हरजीत सिंह जांगड़े डेढ़ साल से लापता

डोंगरगढ़ 4 फरवरी। डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कल्याणपुर निवासी सुखलाल जाँगड़े का 27 वर्षीय बेटा हरजीत जांगड़े डेढ़ वर्ष पूर्व अपने घर से बिना बताए कहीं चला गया है। परिजनों व पुलिस ने हर जगह पता तलाशी की लेकिन अब तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। हरजीत की ऊंचाई 5 फीट 5 इंच है। गोल चेहरा, गोरा रंग एवं काले बाल वाले हरजीत के विषय में किसी को भी अगर कोई जानकारी मिलती है तो वो डोंगरगढ़ पुलिस थाना प्रभारी के 9479192111, पुलिस कंट्रोल रूम के 07744286622 या फिर पुलिस कार्यालय के 07744226399 पर सूचना दे सकते हैं।

पथराटोला की यशोदा एक साल से लापता, मानसिक स्थिति नहीं है ठीक

डोंगरगढ़ 4 फरवरी। डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम गाजमर्रा की पथराटोला बस्ती से यशोदा बाई नाम की 30 वर्षीय महिला अपनी चार साल की बच्ची कुमारी सेवती को लेकर एक वर्ष पूर्व अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों व पुलिस ने हर जगह पता तलाशी की लेकिन अब तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने बताया कि यशोदा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी वो ऐसा कर चुकी हैं लेकिन दो चार दिन में वापस आ जाती थी किन्तु इस बार वापस नहीं आई। 5 फीट ऊंची यशोदा के चेहरा गोल, रंग गोरा,काले बाल जो लाल रंग का सलवार व लाल रंग का पैजामा पहनकर घर से निकली है। यदि किसी को भी इनके विषय में कोई जानकारी मिलती है तो वो डोंगरगढ़ पुलिस थाना प्रभारी के 9479192111, पुलिस कंट्रोल रूम के 07744286622 या फिर पुलिस कार्यालय के 07744226399 पर सूचना दे सकते हैं।

घरेलू हिंसा को रोकने और छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था करूंगी: दीप्ति दुबे

रायपुर 4 फरवरी। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने अपने सघन जनसंपर्क के दौरान कहा कि वे सामाजिक कार्यों को लंबे समय से देख रही हैं। ऐसे में देखने में आ रहा है कि परिवार और समाज में घरेलू हिंसा बढ़ रही है, जिसे कानून से ज्यादा काउंसलिंग के जरिए सुलझाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वे इस दिशा में कार्य करेंगी ताकि महिलाओं को न्याय और सुरक्षा मिले।

जनसंपर्क के दौरान दीप्ति प्रमोद दुबे को भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने जनता से अपील की कि शहर के विकास के लिए कांग्रेस का समर्थन करें। साथ ही, उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था करने का वादा किया, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर शहर के विभिन्न वार्डों में संगठनात्मक बैठकें एवं विशाल जनसंपर्क अभियान भी आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं और जनता का भारी समर्थन देखने को मिला।

पहली बैठक वार्ड क्रमांक 15 के दहीहांडी मैदान में हुई, जिसमें वार्ड 15, 17, 18, 19, 20 और 26 के पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में रुकमणी सुंदर जोगी, दिलेश्वरी साहू, जीतेंद्र साहू, वरन साहू और घ्यांश्याम देवांगन उपस्थित रहे। इस दौरान विकास उपाध्याय, शिव सिंह ठाकुर और महेश शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।

दूसरी बैठक वार्ड 18, 19 और 20 के कार्यकर्ताओं के साथ कोटा में हुई, जिसमें कुमार मेनन, वरन साहू और जीतेंद्र साहू ने सहभागिता की। तीसरी बैठक राम नगर, कोटा में वार्ड क्रमांक 24, 25 और 38 के कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित हुई। इसमें तरुण श्रीवास्तव, दीप मनीराम साहू और विकास अग्रवाल मौजूद रहे। इस बैठक का आयोजन देव कुमार साहू, ब्लॉक अध्यक्ष ने किया, जिसमें विकास उपाध्याय भी उपस्थित रहे। बैठकों के साथ-साथ वार्डों में विशाल जनसंपर्क अभियान भी चलाया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कांग्रेस महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे को समर्थन दिया। जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया और समाधान का भरोसा दिलाया गया।

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 गैंदाटोला से चुम्मन साहू ने रैली निकाल कर जमा किया अपना नामांकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 4 फरवरी। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। जैसे ही आचार संहिता लागू हुई, प्रत्याशी जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में जुट गए। इसी कड़ी में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने भारी जनसमर्थन के साथ अपना नामांकन दाखिल किया।

बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुए लोग

चुम्मन साहू ने सैकड़ों कारों के काफिले के साथ एक भव्य नामांकन रैली निकाली, जिसने पूरे राजनांदगांव जिले का ध्यान आकर्षित कर लिया। यह रैली छुरिया से शुरू होकर राजनांदगांव जिला मुख्यालय पहुंची। इस दौरान हजारों की संख्या में समर्थक उनके साथ नजर आए, जिससे उनकी लोकप्रियता साफ झलक रही थी। वहीं जिसे पार्टी ने अधिकृत किया है वो बताया जाता है अपने ही विनास कारी कामों के वजह से ही मायुस आखिर ऐसा क्या मचबुरी थी कि अपना नाम छूरिया नगर पंचायत से कटवा कर क्षेत्र क्रमांक 12 में जुड़वाएं हैं जबकि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें वार्ड नं 6 व 5 से प्रभारी बनाया है अब इन दोनों वार्डों में प्रभारी की भूमिका कौन निभाएगा यह भी सोच का विषय है कांग्रेस पार्टी के लिए

समर्थकों का उमड़ा सैलाब

नामांकन रैली के दौरान समर्थकों में भारी जोश देखने को मिला। हजारों लोगों की मौजूदगी से यह साफ हो गया कि चुम्मन साहू इस चुनावी मुकाबले में मजबूती से खड़े हैं। उनके समर्थकों ने नारों के साथ पूरे माहौल को चुनावी रंग में रंग दिया।

चुनावी मुकाबला हुआ दिलचस्प

चुम्मन साहू के इस शक्ति प्रदर्शन ने चुनावी माहौल को और गरमा दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प होगा। अब देखना यह होगा कि जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनती है और चुनावी मैदान में कौन बाजी मारता है।

कृषि की दशा और दिशा बदलने वाला क्रान्तिकारी बजट: डॉ. चंदेल

रायपुर 4 फरवरी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने केन्द्रीय बजट 2025-26 को देश में कृषि के विकास की दिशा में एक क्रान्तिकारी मदम बताया है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट विकासपरक, समावेशी एवं रोजगारोन्मुखी बजट है, जिससे भारत में कृषि की दशा और दिशा में वृहद परिवर्तन देखने को मिलेगा। डॉ. चंदेल ने कहा कि बजट में देश के 100 जिलों में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है, जिससे देश में कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस योजना से 1.70 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में सब्सिडी वाले कृषि ऋण की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रूपये करने का प्रस्ताव है, जिससे 7.70 करोड़ किसानों, मछुवारों और पशुपालकों के लिए अधिक वित्तीय समावेशन की सुविधा मिलेगी। इस कदम से कृषि उत्पादन और किसानों की आय में तीव्र वृद्धि होग। डॉ. चंदेल ने कहा कि इस बार के बजट में निजी क्षेत्र द्वारा संचालित कृषि अनुसंधान, विकास और नवाचार हेतु 20 हजार करोड़ रूपये का आबंटन किया गया है, जो एक अभुतपूर्व निर्णय है। इससे कृषि के क्षेत्र में निजी संस्थाओं द्वारा किये जा रहे अनुसंधान, विकास एवं नवाचारी प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही भविष्य में खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 लाख जर्मप्लाज्म लाइनों के साथ एक दूसरे जीन बैंक की स्थापना करने का निर्णय बहुत सराहनीय है। डॉ. चंदेल ने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा पहले से ही धान के 23 हजार 250 जर्मप्लाज्म तथा अन्य फसलों के 6 हजार से अधिक जर्मप्लाज्म का संग्रहण एवं संरक्षण किया जा रहा है, जो इस जीन बैंक की स्थापना में सहायक सिद्ध होगा। जीन बैंक की स्थापना से छत्तीसगढ़ की विलुप्तप्राय परंपरागत फसल प्रजातियों के संरक्षण में मदद मिलेगी। दलहन उत्पादन में आत्म निर्भरता हासिल करने के लिए संचालित दाल उत्पादन मिशन हेतु इस बजट में 1000 करोड़ रूपये का आबंटन कर अधिक मजबूती प्रदान की गई है, जिससे अरहर, उड़द एवं मसूर सहित अन्य दलहन के आयात में कमी आएगी और दालों की कीमत स्थिर रखने में मद्द मिलेगी।

डॉ. चंदेल ने कहा कि बिहार में मखाना की खेती, प्रसंस्करण और विपण को बढ़ावा देने के लिए बजट में मखाना बोर्ड की स्थापना के निर्णय से मखाना उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी मखाना उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं। यहां बिहार से आयातित मखाना की किस्मों का बेहतर उत्पादन हो रहा है और दानों को आकार तथा गुणवत्ता भी काफी अच्छी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मखाना बोर्ड की स्थापना से भविष्य में छत्तीसगढ़ के मखाना उत्पादक किसानों को भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। डॉ. चंदेल ने कहा कि ये सभी उपाय कृषि क्षेत्र को मजबूत करने, ग्रामीण आजीविका को बढ़ाने और सतत् विकास सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होंगे।

ऑटो एक्सपो में हर दिन कस्टमर में एक नया उत्साह

रायपुर 4 फरवरी। ऑटो एक्सपो 2025 आयोजन को साइंस कॉलेज मैदान में अट्ठारह दिन पूरे हो चुके हैं लेकिन वाहन खरीदने वालों का उत्साह किसी भी दिन कम नहीं हो रहा है। हर दिन एक नया ग्राहक वर्ग अपनी जरूरत की वाहन खरीदने पहुंच जा रहे हैं। निजी व सरकारी नौकरी, व्यावसायी, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील से लेकर हर पेशे से जुड़े लोग ऑटो एक्सपो में पहुंच जरूर रहे हैं। इनमें से कई ऐसे हैं जो साल- दो -साल अपने वाहन का उपयोग कर रिफ्लेश कर देते हैं, वे अपनी इस जरूरत को इसलिए तब्दील कर रहे हैं क्योंकि यहां औसतन व्हीकल की कीमत पर फोर व्हीलर में लगभग 10 फीसदी, टू व्हीलर में 8 फीसदी और कमर्शियल में 10 फीसदी तक का लाभ मिल रहा है। फाइनेंस की आसान सुविधा भी है। युवा वर्ग न्यू मॉडल व ईवी को पसंद कर रहे हैं। वाहनों के अलावा एशेसरीज, फाइनेंस व अन्य मिलाकर करीब 200 स्टॉल यहां पर हैं। सोमवार को भी काफी अच्छी संख्या में यहां उपस्थिति दिखी। विजिटर्स के मनोरंजन के लिए आकर्षक इवेंट का भी रोजाना आयोजन एक्सपो में किया गया है।

राडा का फूल फार्म क्या है ये तो सब जानते है लेकिन एरियल वाशिंग पावडर व पारले जी बिस्किट का सही लोगो (निशान) क्या है बता पाने में असमंजस की स्थिति में दिखे ऑटो एक्सपो में पहुंचे ऐसे विजिटर्स जो कि क्विज प्रतियोगिता में शामिल होकर एंकर के सवालों का जवाब दे रहे थे। बड़ा ही मजेदार इवेंट था क्विज का, जिसमें वाहन से ही जुड़े नहीं बल्कि हर विषय को लेकर सवाल पूछे जा रहे थे।

समाचार संक्षेप

क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में 25 प्रतिशत मरीज ठीक होकर स्वस्थ जीवन जी रहे

रायपुर 4 फरवरी। डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय स्थित रेडियोथेरेपी विभाग (क्षेत्रीय कैंसर संस्थान, रायपुर) मध्यभारत का सबसे बड़ा एवं उन्नत संस्थान है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के अतिरिक्त मध्यप्रदेश, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र एवं आदि राज्य से मरीज कैंसर का उपचार कराने आते हैं। कैंसर मरीज के कैंसर के प्रकार एवं श्रेणी अनुसार कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, सर्जरी एवं इम्युनोथेरेपी से इलाज किया जाता है। वर्ष (2019-2023) इन पांच सालों में क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में पंजीकृत लगभग 18500से 18600 मरीजों में 3832 यानि 20-25 प्रतिशत मरीज पूर्णतः कैंसर मुक्त होकर स्वस्थ जीवन जी रहें हैं। महिलाओं में होने वाले कैंसर में स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पूरे देश में सर्वाधिक मौतें होती है। 2019 से 2023 में क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में इलाजरत स्तन कैंसर के 36 प्रतिशत (2043 में 733) मरीज और गर्भाशय ग्रीवा के 30 प्रतिशत मरीज (2991 में 871) अभी स्वस्थ हैं। मुंह और गले के कैंसर के 4624 मरीजों में से 885 यानि 19 प्रतिशत कैंसर मुक्त हुए हैं। अन्य कैंसर के 8731 मरीज इस अवधि में पंजीकृत हुए जिसमें 15 प्रतिशत यानि 1343 मरीज स्वस्थ और कैंसर मुक्त है। इसमें फेफड़ा, ब्रेन ट्यूमर हड्डी का कैंसर, खून का कैंसर, पेट और आंत से जुड़े कैंसर, आंख, किडनी, आदि कैंसर के मरीज है।

पार्ट टाइम जॉब दिलाने का झांसा देकर 9 लाख 21 हजार 563 रुपये की ठगी

रायपुर 4 फरवरी। अज्ञात व्यक्ति ने पार्ट टाइम जॉब दिलाने का झांसा देकर पखवाड़े भर में सिलिन लाइन के रहने वाले वैभव सिंह पटेल से 9 लाख 21 हजार 563 रुपये ठग लिए। सिविल लाइन पुलिस ने पटेल द्वारा दिए गए मोबाइल नम्बर और एप लिंक की जांच पड़ताल कर आरोपी की पतासाजी में जुट गई है। वैभव सिह पटेल ने पुलिस को बताया कि तरूण नगर अवनी टीव्हीएस शोरूम के पास रहता है। 28 से 9 दिसम्बर 2024 के बीच उसके वॉटसअप और टेलीग्राम पर अज्ञात मोबाइल नम्बर 9170671769 से मैसेज आया था जिसमें अज्ञात ने मैसेज के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन जॉब का ऑफर दिया था। इसके बाद आरोपी ने फोन कर टास्क पूरा करने और इन्वेस्ट करने पर डबल मुनाफ होने का लालच दिया। वैभव उसकी बातों में आ गया और उसके भेजे गए लिंक के माध्यम से एसर एप बुकिंग एप डाउन लोड करा कर 90 होटल बुक करने पर बोनस मिलने और गोल्ड सुट पर पैसा ईन्वेस्ट करने से पैसे डबल होने का झांसा देकर अलग-अलग किस्तों में 9 लाख 21 हजार 563 रूपए को धोखे से अपने खाता में जमा करा लिए। बाद में पैसा विथड्राल करने पर नहीं हुआ। अज्ञात इसके लिए और पैसों की मांग करने लगा। जिस पर वैभव को ठगी होने का एहसास हुआ और उसने इसकी शिकायत साइबर सेल में की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 318-4 का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

छत्तीसगढ़ में बना धान खरीदी में नया कीर्तिमान, 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

रायपुर 4 फरवरी। छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत इस खरीफ सीजन में रिकॉर्ड 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। इसमें मोटा धान 81.98 लाख मीट्रिक टन, पतला धान 10.75 लाख मीट्रिक टन और सरना धान 56.52 लाख मीट्रिक टन शामिल है। धान की यह खरीदी राज्य बनने के बाद का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। धान खरीदी का सिलसिला 14 नवंबर 2024 से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक निरंतर जारी रहा जिसके अंतर्गत राज्य के पंजीकृत 25 लाख 49 हजार 592 किसानों ने धान विक्रय किया। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 31 हजार 89 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। महासमुंद जिला सर्वाधिक 11.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर राज्य में पहले नंबर पर है। वहीं बेमेतरा जिला 9.38 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर दूसरा और बलौदाबाजार-भाटापारा जिला 8.56 लाख मीट्रिक टन धान खरीदकर तीसरा स्थान हासिल की है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी के साथ ही कस्टम मीलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अभी तक 123 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी कर दिया गया है। जिसके विरूद्ध 103 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है। धान उठाव पंजीकृत 4102 राइस मिलरों के जरिए धान का उठाव निरंतर किया जा रहा है। विगत वर्ष 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी।

शासकीय कार्य में एआई के उपयोग और संभावित लाभों के प्रति किया गया जागरूक

रायपुर 4 फरवरी। इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) के द्वारा राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आज आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, श्री बसवा राजु, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री कमल प्रीत सिंह, तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव श्री एस.भारतीदासन, उर्जा विभाग के विशेष सचिव श्री अंकित आनंद, एन.आर. डी.ए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सौरभ कुमार, आई. जी. श्री राम गोपाल गर्ग सहित 100 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका सिंह बारिक ने कहा कि तीव्र गति से परिवर्तित टेक्नालॉजी के इस दौर में राज्य के अंतिम व्यक्ति तक सुशासन की पहुँच बनाने के लिए इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की जानकारी इस कार्यशाला में दी जायेगी ।

श्रीमती निहारिका सिंह बारिक ने कहा कि ए.आई. तकनीक हमारी सोच से अधिक गति से परिवर्तन ला रहा है । ए.आई. से हमारी अनेक समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है और शासकीय सेवा वितरण एवं नीति निर्माण में भी इसका प्रभावी उपयोग किया जा सकता है । इन्हीं कारणों से आज की इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

कार्यशाला के प्रथम सत्र के समापन पर उपस्थित समस्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभात मालिक ने कहा कि एआई तकनीक का उपयोग शासन और प्रशासन में दक्षता बढाने एवं त्वरित निर्णय लेने में किया जा सकता है । इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य शासकीय कार्यों में प्रौद्योगिकी के समुचित उपयोग को प्रोत्साहित करना है । नई दिल्ली से आये एआई के विशेषज्ञ डॉ. शिवा कक्कर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व में सर्वप्रथम टेक्नॉलाजी का उपयोग टेक्सटाईल उद्योग में किया गया। वर्ष 2022 के पश्चात सम्पूर्ण विश्व में एआई तकनीक का तीव्र गति से विस्तार हुआ । डॉ. शिवा ने बताया कि पहले यह माना जाता रहा है कि तकनीक के प्रयोग से रोजगार के अवसर कम होते हैं , परंतु वास्तविकता यह है कि नवीन तकनीक के माध्यम से नवीन कौशल को ज्यादा रोजगार प्राप्त होता है । कार्यशाला में एआई तकनीक के श्रेष्ठ उपयोग की जानकारी देते हुए डॉ. शिवा कक्कर ने चैट जीपीटी, मैटा, गूगल नोट बुक एल.एम. जैसे अन्य प्रासंगिक एवं उपयोगी टूल्स की विस्तृत जानकारी प्रदान की ।

सुबह सफाई दौरा में आयुक्त पहुंचे ग्रामीण वार्ड सिंगदई मोहड़

■ अवैध रूप से संचालित मुर्गा मटन दुकानों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 4 फरवरी। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सफाई का हाल जानने शहर के सभी वार्डो का दौरा कर स्वास्थ्य अमला को दिशा निर्देश दे रहे है। आज सुबह उन्होंने ग्रामीण वार्ड सिंगदई एवं मोहड़ में सफाई देखा, वही मोहड स्थित सिवरेज ट्रीटमेट प्लांट का निरीक्षण कर सिवरेज सिस्टम की जानकारी ली।

आज के सफाई दौरा में आयुक्त विश्वकर्मा निगम के अंतिम वार्डो में ग्रामीण वार्ड मोहड एवं सिंगदई में जाकर सफाई देखे। उन्होंने सिंगदई चौक में सफाई देख वार्ड प्रभारी से सफाई कर्मियों की जानकारी लेकर हाजरी रजिस्टर की जॉच किये। उन्होंने कहा कि कोई भी कर्मचारी बिना सूचना के अवकाश पर नहीं रहेगे, निधारित समय तक साफ सफाई करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड के नाली नाला की नियमित रूप से सफाई करे, चुकि ग्रामीण वार्ड है इस कारण वहॉ संक्रामक बीमारी न फैले उसके लिये वार्ड के लोगों को साफ सफाई रखने, कचरा डोर टू डोर कचरा गाडी में गिला सुखा अलग अलग रखकर डालने समझावे।

आयुक्त ने चौक में अवैध रूप से मुर्गा मटन का विक्रय करते पाये जाने पर संबंधितों को नोटिस जारी करने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को निर्देशित किये। मोहड़ में साफ सफाई के अलावा सार्वजनिक शौचालय का उनके द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि शौचालय में आवश्यक मरम्मत करे एवं नियमित रूप से सफाई हो, पानी की पर्याप्त उपलब्धता हो, इसका ध्यान रखा जावे। दोनो वार्ड के पश्चात आयुक्त ने मोहारा एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण किये। उन्होंने रजिस्टर देख अनुपस्थित कर्मचारी के संबंध मे जानकारी लेकर कहा कि कोई भी कर्मचारी लंबे समय तक अनुपस्थित न रहे और निर्धारित समय तक सभी उपस्थित रहकर कचरा पृथककर गिला कचरा से खाद बनाने की प्रक्रिया करे तथा सुखा कचरा को व्यवस्थित रख कार्यवाही करे।

मोहड स्थित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का आयुक्त श्री विश्वकर्मा के द्वारा निरीक्षण कर ट्रीटमेंट सिस्टम की जानकारी ली गयी। उन्होंने प्लांट में शहर के गंदा पानी के सभी शोधित प्रक्रिया देख जानकारी लिये। उन्होने कहा कि मशीनरियों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावे ताकि मशीने खराब न हो। इसके अलावा ट्रीटमेट किये हुये पानी को उद्यान एवं कृषि कार्य एवं निर्माण कार्य के लिये नियमित रूप से संबंधितों को देवे तथा शिवनाथ नदी में गंदा पानी न जावे इसका विशेष ध्यान रख जावे। उन्होंने इंदिरा नगर टंकी का निरीक्षण कर वालमेन से पानी सप्लाई के लिये टंकी भरने तथा वाल्व खोलने व बंद करने की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी सहित स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

कार्यशाला में होलिस्टिक प्रोगेस कार्ड और प्रश्नपत्र टेम्पलेट के मानकीकरण का प्रशिक्षण शुरू

रायपुर 4 फरवरी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एनसीईआरटी परख नई दिल्ली के निर्देशानुसार पाँच दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड और प्रश्न पत्र टेम्पलेट के मानकीकरण पर शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह प्रशिक्षण आगामी शिक्षा सत्र में राज्य के सभी हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यों व शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए मास्टर ट्रेनर्स तैयार करेगा। कार्यशाला के प्रथम दो दिवस 03 और 04 फरवरी 2025 को होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड पर प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। वहीं 5 से 7 फरवरी तक प्रश्न पत्र टेम्पलेट मानकीकरण पर गहन चर्चा और प्रशिक्षण होगा। इस कार्यशाला में एनसीईआरटी परख के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर इंद्राणी भादुरी और तीन अन्य विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मंडल सचिव श्रीमती पुष्पा साहू ने कहा कि होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड विद्यार्थियों के शैक्षणिक मूल्यांकन का एक आधुनिक और समग्र दृष्टिकोण है, जो उनके सर्वांगीण विकास पर केंद्रित होगा। प्रोफेसर इंद्राणी भादुरी ने डिजिटल अधिगम और माध्यमिक स्तर पर समतुल्यता की आवश्यकता पर बल दिया।

संपादकीय

चुनाव का असर गठबंधन पर भी होगा

कोई भी चुनाव हो, उसका राजनीतिक असर तो राजनीतिक दलों सहित देश की राजनीति पर कम या ज्यादा तो पड़ता ही है।हरियाणा विधानसभा चुनाव का असर हुआ था, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का हुआ था। दिल्ली विधानसभा चुनाव का भी होगा। हर चुनाव राजनीतिक दल अपने हित पर ही ध्यान देते हैं, दूसरे दलों के हितों की ओर ध्यान नहीं देते हैं, इससे उनके बीच जो राजनीतिक संबंध होते हैं, वह प्रभावित होते हैं। हरियाणा में कांग्रेस चाहती तो इंडी गठबंधन के दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकती थी, ज्यादा दल नहीं केवल सपा व आप ने ही उससे कुछ सीटें चुनाव लड़ने के लिए मांगी थी। गठबंधन का बड़ा दल होने के साथ कांग्रेस को बड़ा दिल दिखाते हुए सपा व आप को दस बीस सीटें दे सकती थीं। इससे तीनों दल मिलकर चुनाव लड़ते तो भाजपा को हराना आसान होता। कांग्रेस तो चुनाव जीत ही रही थी, कांग्रेस को चुनाव जीतने में सपा व आप भी मदद करते। कांग्रेस को लगा कि वह तो चुनाव जीत ही रही है, वह आप और सपा को सत्ता में क्यों हिस्सेदारी दे। अगर मिलकर चुनाव लड़ते तो कांग्रेस को सत्ता में सपा व आप को हिस्सेदारी देनी पड़ती इसलिए कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया। आप व सपा को सीट देने से मना कर दिया। राज्य के बड़े नेताओं के सामने राहुल गांधी झुक गए और उसका नुकसान ही कांग्रेस को हुआ है क्योंकि हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई। सपा ने तो चुनाव नहीं लड़ा लेकिन उसने यूपी में कांग्रेस के साथ वैसा ही व्यवहार किया जैसा व्यवहार उसने सपा के साथ हरियाणा, मप्र में किया था। उसने कांग्रेस को उपचुनाव में दो सीटें ही चुनाव लड़ने के लिए दीष कांग्रेस ने दो सीटों पर चुनाव लड़ने से मना कर दिया, सभी सीटों पर सपा चुनाव लड़ी और दो सीट ही जीत सकी। हरियाणा के कारण यहां सपा व कांग्रेस के बीच संबंध खराब हुए। संभल को लेकर भी दोनों का स्टैंड अलग अलग रहा। इसका असर संसद में देखने को मिला कई मामलों में सपा ने कांग्रेस के साथ खड़े होने से मना कर दिया। राहुल गांधी व कांग्रेस पर दवाब बढ़ाया गया कि वह इंडी गठबंधन का नेतृत्व छोड़े। अडानी मामले में कांग्रेस संसद में अकेली पड़ गई थी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव वैसे तो वहां के तीन दलों के गठबंधन ने मिलकर लड़ा। वहां भाजपा ने भी चुनाव अपने गठबंधन के साथ लड़ा। यहां भी सपा ने महाविकासअगाड़ी से ज्यादा सीटों की मांग की लेकिन उनको ज्यादा सीटें नहीं दी गई। महाविकास अगाड़ी गठबंधन में ही सीटों को लेकर खींचतान आखिरी तक मची रही। इसका परिणाम यह हुआ कि जनता ने भाजपा वाले गठबंधन पर भरोसा जताया, उसे महाविजय की सौगात दी। महाविकास अघाड़ी को बुरी हार का सामना करना पड़ा और परिणाम यह हुआ है कि अब गठबंधन के तीनों दल अलग अलग हो चुके हैं। उध्दव ठाकरे गुट ने भविष्य में चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया है और हिंदुत्व की राजनीति करने का फैसला किया है तो शरद पवार अपने से लिए कोई नया रास्ता ढूंढ रहे है,महाराष्ट्र में कांग्रेस अकेले रह गई है। हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव का असर देश व गठबंधन की राजनीति पर यह पड़ा है कि भाजपा देश की राजनीति में और मजबूती से उभर कर सामने आई है। उसके सामने कोई विकल्प नहीं रह गया है, वह जनता के सामने सबसे मजबूत विकल्प है, जनता के सामने उसे चुनने के अलावा कोई विकल्प नही बचा है। कांग्रेस खुद को भाजपा का विकल्प बताती है लेकिन वह ज्यादातर चुनाव हारकर देश की राजनीति में कमजोर होती जा रही है, राहुल गांधी के नेतृत्व को गठबंधन के भीतर ही नकारा जा रहा है। जहां तक दिल्ली विधानसभा चुनाव की बात है तो यहां भी आप व कांग्रेस अलग अलग चुनाव लड़ रहे हैं तो यह हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का आप से साथ किया गया गलत व्यवहार कारण है। यदि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आप के साथ अच्छा व्यवहार किया होता तो लोकसभा चुनाव की तरह दोनों विधानसभा चुनाव भी एक साथ लड़ सकते थे लेकिन कांग्रेस नेताओं के अहंकार के कारण हरियाणा में कांग्रेस अकेले लड़ी तो उसे भी नुकसान हुआ और आप को भी नुकसान हुआ। दिल्ली में आप और कांग्रेस के अलग अलग चुनाव लड़ने के कारण आप को भी नुकसान हो सकता है और कांग्रेस को भी नुकसान हो सकता है। दोनों को नुकसान होता है तो दोनों इसके लिए एक दूसरे को दोषी ठहराएंगे। आप कहेगी कि उसे सत्ता से बाहर भाजपा ने नहीं किया है, कांग्रेस ने किया है, कांग्रेस कहेगी कि दिल्ली में आप के कारण ही कांग्रेस मजबूत नहीं हो पा रही है। कांग्रेस व आप दोनों को मालूम है कि वह कोई भी चुनाव अलग अलग लड़ेंगे तो उनको नुकसान होगा और भाजपा को राजनीतिक फायदा होगा, इसके बाद भी दोनों अलग अलग लड़ते हैं तो इसे क्या कहा जाए। यह तो एक तरह से दोनों अपने आपको नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। दिल्ली चुनाव में कांग्रेस के कारण आप चुनाव हारती है तो यह उसका बहुत बड़ा नुकसान होगा क्योंकि दिल्ली के भरोसे ही तो आप दूसरे राज्यों में राजनीति करती है कि देखो हमारे दिल्ली माडल से जनता को कितना फायदा हो रहा है। दिल्ली माडल जनता के भरोसे का माडल है। दिल्ली माडल की राजनीति के कारण कई राजनीतिक दल अपने राज्यों में चुनाव जीतने में सफल रहे हैं। कई राजनीतिक दलों ने दिल्ली माडल को खुशी खुशी स्वीकार किया है तो भाजपा को भी इसे मजबूरी में सही स्वीकार करना पड़ा है। दिल्ली में चुनावी जीत के लिए भाजपा को वह करना पड़ा है, जिसके वह सिध्दांतः खिलाफ थी, जिसे वह देश की अर्थव्यवस्था के ळ्ए ठीक नहीं मानती है। आप को उम्मीद नहीं थी कि भाजपा उसको उसी के दांव से हराने का प्रयास करेगी। यही वजह है कि इस बार आप को चुनाव में कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है, यदि उसे भाजपा से अकेले मुकाबला करना होता तो वह कर लेती लेकिन कांग्रेस, भ्रष्टाचार व जनता की नाराजगी के कारण उसे इस बार बहुत परेशानी हो रही है। उसे चुनाव जीतने के लिए वह सब करना पड़ रहा है जो उसने पहले कभी नहीं किया। उसे जनता को भरोसा दिलना पड़ रहा है कि भाजपा व कांग्रेस से ज्यादा वह जनता दो देती रही है और आगे भी देती रहेगी लेकिन भाजपा ने बजट में मिडिल क्लास के लिए बड़ी घोषणा कर दिल्ली की जनता का दिल जीत लिया है, इससे केजरीवाल के हारने की आशका बढ़ गई है। केजरीवाल के हारने की आशंका तो पहले से थी, बजट के कारण वह और ज्यादा हो गई है।

राजनीति

ललित गर्ग

राहुल गांधी की देश-विरोधी बचकानी राजनीति

एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नीचा दिखाने के इरादे से ऐसा बयान दिया है जो भारत की साख को आघात लगाने वाला है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता को ध्वस्त करने वाला है। राहुल गांधी किस तरह गैर जिम्मेदाराना बयान देने में माहिर हो गए हैं, यह इस कथन से फिर सिद्ध हुआ कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर इसलिए बार-बार अमेरिका जा रहे थे, ताकि भारतीय प्रधानमंत्री को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया जाए। राहुल गांधी मोदी-विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोध के चलते देश-विरोध में जिस तरह के अनाप-शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता एवं बचकानेपन को ही दशार्ता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान प्रतिपक्ष के नेता बनेंगे?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राजनीति से हटकर भी गहरे व्यक्तिगत आत्मीय मित्रवत संबंध है, इसलिये उनका शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने पर किसी तरह का संदेह नहीं हो सकता। लेकिन इस बात को लेकर राहुल के बयान पर हैरानी होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि लोकसभा में संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी की इस विचित्र बात पर आपत्ति जताई, बल्कि विदेश मंत्री जयशंकर ने भी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वह ऐसी बात कहकर भारत की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है, लेकिन ऐसे झूठे, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान से भारत की छवि को गहरा नुकसान हुआ है। यह तय है कि विदेशी मंत्री के प्रतिवाद का राहुल गांधी की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। ऐसी मिथ्या बातें करके वे प्रधानमंत्री पर हमला करने का कोई अवसर नहीं चुकते। वह प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को कोई महत्व नहीं देते। आखिर यह किसी से छिपा नहीं कि वह उनके खिलाफ तू-तड़ाक वाली अशालीन एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग करते रहे हैं। विडंबना यह है कि इस आदत का परित्याग वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल करने के बाद भी नहीं कर पा रहे हैं। समस्या केवल यह नहीं कि वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा की परवाह नहीं करते। समस्या यह भी है कि वह प्रायः ऐसी बचकानी बातें कर जाते हैं, जो राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल होती हैं या दूसरे देशों से संबंधों पर बुरा असर डालती हैं। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्होंने अन्य सांसदों की ही तरह देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने की शपथ ली थी, लेकिन उनके द्वारा समय-समय पर दिये गये वक्तव्य एवं टिप्पणियां पूरी तरह से राष्ट्र विरोधी है। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की राह पर अग्रसर हैं और उनका इरादा भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को नष्ट करना और देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। इस तरह राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज बोने के प्रयास निंदनीय ही नहीं, घोर चिन्तनीय है। सत्ता के लालच में कांग्रेस एवं उनके नेता देश की अखंडता के साथ समझौता और आम आदमी के भरोसे को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। राहुल के बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं, बल्कि भारत से है। राहुल गांधी अक्सर भारत राष्ट्र अर्थात भारत के संविधान यानी आंबेडकर के संविधान के खिलाफ विषवमन करते दिखाई देते हैं। गांधी परिवार की ह्यमुंह में राम और बगल में छुरीह्ल वाली कहावत जनता के सामने बार-बार आती रही है। आंबेडकर के अस्तित्व को नकार कर भारत के संविधान को बदलने के बाद गांधी परिवार देश का विभाजन, दुश्मन देश के नेताओं एवं शक्तियों के सपनों का टुकड़ों वाला भारत चाहता है। आखिर राहुल गांधी और कांग्रेसी किस बात के लिए संविधान की प्रति लेकर चलते हैं? इस तरह एक गैर जिम्मेदार और बचकाने नेता का लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होना क्या देश का दुर्भाग्य नहीं है? राहुल गांधी को गंभीर आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है।

राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन चीन के साथ उनकी सहानुभूति अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है। ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? वह यह नहीं बताते कि 2008 में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था? इतना ही नहीं, जब राहुल गांधी राफेल विमान सौदे में कथित दलाली खोज लाए थे, तो यहां तक कह गए थे कि खुद फ्रांस के राष्ट्रपति ने उन्हें बताया था कि दोनों देशों में ऐसा कोई समझौता नहीं, जो राफेल विमान की कीमत बताने से रोकता हो। उनके इस झूठ का खंडन फ्रांस की सरकार को करना पड़ा था। डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। जब इस मुलाकात की बात सार्वजनिक हो गई तो उन्होंने यह विचित्र दावा किया कि वह वस्तुस्थिति जानने के लिए चीनी राजदूत से मिले थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है?

राहुल गांधी के गैरजिम्मेदाराना बयानों से यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की। यह भी स्पष्ट है कि उन्हें शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर भी भरोसा नहीं। ध्यान रहे, वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी बतूके सवाल खड़े कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। लगता है कांग्रेस के शीर्ष नेता एवं प्रतिपक्ष के नेता होने के कारण वे अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे हैं, निश्चित ही राहुल के विष-बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाए जाने के मोदी सरकार के फैसले की राहुल गांधी की अनावश्यक आलोचना को पाकिस्तान ने अपने पक्ष में भुनाने का काम किया था। अब भी वह सीमा विवाद पर चीन की बातों को अहमियत देते हैं और भारत सरकार की जानकारी पर यकीन नहीं करते। जनता यह गहराई से देख रही है कि राहुल किस तरह गलवान में हमारे सैनिकों की वीरता-शौर्य-बलिदान पर सवाल उठाते रहे हैं, भारत की बढ़ती साख, सुरक्षा एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगा रहे है। यह समझ आता है कि वह घरेलू मुद्दों पर सरकार को घेरें और उसकी आलोचना करें, लेकिन कम से कम ऐसी निराधार और मनगढ़ंत बातें तो न करें, जिससे प्रधानमंत्री पद का उपहास उड़े, देश हित आहत हो। उल्लेखनीय बात यह है कि निन्दक एवं आलोचक कांग्रेस को सब कुछ गलत ही गलत दिखाई दे रहा है। मोदी एवं भाजपा में कहीं आहट भी हो जाती है तो कांग्रेस में भूकम्प-सा आ जाता है। मजे की बात तो यह है कि इन कांग्रेसी नेताओं को मोदी सरकार की एक भी विशेषता दिखाई नहीं देती, कितने ही कीर्तिमान स्थापित हुए हो, कितने ही आयाम उद्घाटित हुए हो, कितना ही देश को दुश्मनों से बचाया हो, कितनी ही सीमाओं एवं भारत भूमि की रक्षा की हो, कितना ही आतंकवाद पर नियंत्रण बनाया हो, कितनी ही देश के तरक्की की नई इबारतें लिखी गयी हो, समूची दुनिया भारत की प्रशंसा कर रही हो, लेकिन इन राहुल एवं कांग्रेसी नेताओं को सब काला ही काला दिखाई दे रहा है। कमियों को देखने के लिये सहस्राक्ष बनने वाले राहुल अच्छाई को देखने के लिये एकाक्ष भी नहीं बन सके हैं?

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आज आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे। आपके परिवार के बड़े सदस्य यदि आपको काम को लेकर कोई सलाह दें तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आपको अपने घर-परिवार के मामले को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए उम्मीदों से भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपको ज्यादा ध्यान देने की जरूरत पड़ेगी। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपनी पुरानी देनदारियों को भी चुकता करेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आपने धन उधार लेने का सोचा है तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। काम के सिलसिले में आपको आज यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

कर्क- आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए खुशियां लेकर आने वाला है। यदि आप किसी दूसरी नौकरी की तलाश कर रहे थे तो आपको कोई बेहतर अवसर मिल सकता है। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश करेंगे। आप अपनी फिटनेस पर पूरा ध्यान देंगे। आप माताजी को ननिहाल पक्ष के लोगों से मिलाने लेकर जा सकते हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप अपने आप को ऊजार्वान महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके कामों में कुछ बदलाव हो सकते हैं। आपको अपनी अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा। आज आप किसी प्रॉपर्टी को लेकर कोई लोन लेने की सोच सकते हैं। आपके पिताजी पारिवारिक बिजनेस को लेकर आपको कोई सलाह देंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। घर परिवार में लोग आपके कामों की तारीफ करेंगे। आपको अपने कामों को समय रहते निपटाने की कोशिश करनी होगी। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। आपके बॉस आपको काम को लेकर कोई सुझाव दे सकते हैं। आपके कामों को प्रोत्साहन मिलेगा। किसी धार्मिक आयोजन में आप सम्मिलित होंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। शौक मौज की चीजों पर आप अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। प्रेम में सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। वैवाहिक जीवन में कुछ नयापन रहेगा। आपके अधिकारी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी देंगे। आज आपके ऊपर कार्यक्षेत्र में कोई झूठा आरोप लगा सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्य में आपकी रुचि रहेगी। आपको किसी संपत्ति की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को आज कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपको आज अपने सहयोगियों की कोई बात बुरी लग सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आज आप आनंद में समय व्यतीत करेंगे। आपको किसी से उधार के लेनदेन में पड़ने से बचना होगा और आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप मेल मिलाप करने जा सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई सम्मान मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर अति उत्साहित होने से बचना होगा। कुछ नए कामों के प्रति आपकी रुचि जागृत हो सकती है। आप बिजनेस में किसी दूसरे से सलाह ना करें। पारिवारिक जीवन में यदि कुछ समस्याएं चल रही थीं तो वह भी दूर होंगी। भाई बहनों का आज आपको पूरा साथ मिलेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए संपत्ति संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और आप किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी भी कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपका पूरा लाभ मिलेगा। व्यवसाय कर रहे लोगों को कोई सरकारी टेंडर मिल सकता है। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें, आपकी कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या बढ़ सकती है।

मीन- आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप आवेश में आकर खर्च न करें क्योंकि लोग आपको बहकाने की कोशिश करेंगे। आज आपको कोई चोट लगने की संभावना है, इसलिए आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आपके पड़ोस में कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य से आप धन संबंधित मदद मांगेंगे तो वह आपको मिल जाएगी। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी।

नौकरी की तलाश

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

शहर का नाम था निराशपुर, जहां लोगों के चेहरे पर एक अजीब सा बोझ था। लोग बिना काम के भटकते रहते थे, जैसे मछली बिना पानी के। यहां की सबसे बड़ी समस्या थी बेरोजगारी, और यही मुद्दा सबसे ज्यादा चर्चा में था। सबको काम चाहिए था, लेकिन काम नहीं मिल रहा था। सुरेश, एक साधारण युवक, जो अपनी बीवी और दो बच्चों का पालन-पोषण करने की कोशिश कर रहा था, रोज की तरह सुबह जल्दी उठकर नौकरी की तलाश में निकलता था। उसने बहुत से कॉलेज की डिग्रियां हासिल की थीं, लेकिन नौकरी मिलने का नाम ही नहीं ले रहा था। सुरेश सोचता, क्या दिन आ गए हैं? मैंने कड़ी मेहनत की, लेकिन अब मेरे पास पैसे नहीं हैं, और बच्चे भूखे हैं। एक दिन, सुरेश ने अपने एक पुराने दोस्त, रामु, से मिलने का फैसला किया। रामु हमेशा खुशमिजाज और सकारात्मक रहने के लिए जाना जाता था। सुरेश ने सोचा, शायद रामु कुछ सलाह दे सके। जब सुरेश रामु के घर पहुंचा, तो वह उसे अपने घर की स्थिति बताने लगा। भाई, मुझे काम नहीं मिल रहा है। मुझे अब क्या करना चाहिए? रामु ने हंसते हुए कहा, सुरेश, तुमने नौकरी की तलाश में एक चीज भूल गए हो। तुम सोच रहे हो कि तुम बस एक आवेदन भेजोगे और तुम्हें काम मिल जाएगा। असल में, तुम्हें अपने नेटवर्क का इस्तेमाल करना चाहिए। सुरेश ने पूछा, नेटवर्क? वो क्या होता है?

ओह, यार! सबको पता है, नौकरी पाना अब कोई आसान काम नहीं है। तुम्हें लोगों से मिलना होगा, उनसे बात करनी होगी, और फिर वो तुम्हें किसी और से मिलवाएंगे। सुरेश ने सोचा, चलो, आज से मैं नेटवर्किंग करना शुरू करता हूं। कुछ दिनों बाद, सुरेश ने एक स्थानीय सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेने का फैसला किया। वहां उसने कई लोगों से बातचीत की, और सबने उसे कहा कि उसे सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति बढ़ानी चाहिए। सुरेश ने अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं, जो उसने हर बार काम के लिए आवेदन करते समय लगाई थीं। फिर, एक दिन, सुरेश ने एक फेसबुक पोस्ट लिखी, मैं नौकरी की तलाश में हूं, कृपया मदद करें। इस पोस्ट पर उसके दोस्तों ने कमेंट्स करने शुरू किए। एक दोस्त ने लिखा, तुम बहुत अच्छे हो, तुमको नौकरी मिल जाएगी! दूसरा बोला, तुम्हारे लिए तो काम करना आसान होगा! लेकिन किसी ने भी उसके लिए वास्तविक नौकरी का सुझाव नहीं दिया। सुरेश ने सोचा, क्या ये सब लोग मजाक कर रहे हैं? मैं नौकरी की तलाश में हूं, और ये सब बस हंस रहे हैं! कुछ समय बाद, सुरेश ने नौकरी के लिए एक स्थानीय कंपनी में आवेदन किया। साक्षात्कार के दिन, सुरेश ने अपना सबसे अच्छा कपड़ा पहना। जब वह कंपनी पहुंचा, तो उसे पता चला कि वहां सब कुछ बहुत असामान्य था। साक्षात्कार में, पहले तो हर कोई खुश था, लेकिन जैसे ही सुरेश ने अपने बारे में बताया, माहौल बदल गया। आपके पास क्या अनुभव है? एक सदस्य ने पूछा। सुरेश ने कहा, मेरे पास बहुत सारी डिग्रियां हैं।

वह बोला, लेकिन अनुभव तो नहीं है।उस सदस्य ने कहा, हमारे पास पहले से ही काफी योग्य लोग हैं। सुरेश को समझ में आ गया कि उसकी डिग्रियों का कोई महत्व नहीं था। उसे ऐसा महसूस हुआ जैसे उसने समय और ऊर्जा बर्बाद की है। इसके बाद, सुरेश ने एक छोटी सी दुकान पर काम करने का फैसला किया। लेकिन दुकान में काम करने का अनुभव भी कठिन था। मालिक ने कहा, तुम्हें हर ग्राहक का स्वागत करना होगा, चाहे वह तुम्हारे काम की सराहना करे या नहीं। सुरेश ने ग्राहकों के सामने मुस्कुराते हुए कहा, स्वागत है! लेकिन अंदर ही अंदर वह सोचता, क्या मैं सच में इसी के लिए पढ़ाई की थी? ग्राहक ज्यादातर मुंह लटकाए आते थे, और सुरेश का मन टूटने लगा। एक दिन, एक ग्राहक ने कहा, तुम्हारे पास क्या है? सुरेश ने कहा, हमारे पास बहुत सारी चीजें हैं! ग्राहक ने कहा, मुझे तो कुछ नहीं चाहिए। यह सुनकर सुरेश का दिल टूट गया। उसे ऐसा लगा कि उसकी मेहनत का कोई मूल्य नहीं है। कुछ महीनों बाद, सुरेश ने अपने हालात पर विचार किया। वह सोचने लगा, क्या मैं अपने बच्चों को यही सिखाना चाहता हूं? क्या यही है जीवन का सही अर्थ? फिर, एक दिन, उसने अपने बच्चों के लिए एक कहानी सुनाने का फैसला किया। उसने कहा, बच्चों, मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। अगर हमें मुश्किलें आती हैं, तो हमें और भी मेहनत करनी होगी। उसने महसूस किया कि जिंदगी की असली चुनौतियां उसे और मजबूत बना रही थीं। आखिरकार, सुरेश ने सोचा कि नौकरी की तलाश सिर्फ एक बाहरी चीज नहीं है, बल्कि यह एक आंतरिक यात्रा है। उसने अपने बच्चों के साथ हंसते-खिलखिलाते हुए नए सपनों का खाका तैयार किया। सुरेश ने अपने संघर्ष को एक सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने का निश्चय किया। उसने सीखा कि जीवन में असफलताएं भी एक कदम आगे बढ़ने का एक तरीका हो सकती हैं। निराशपुर में जिंदगी के उतार-चढ़ाव के बीच, सुरेश ने समझा कि असली समृद्धि मेहनत और संघर्ष में है।

चिंतन

चिंताजनक है बच्चों के साथ समय न बिताना

प्रियंका सौरभ

बात करना बहुत जरूरी है, साथ ही जरूरत पड़ने पर दयालु होना भी जरूरी है। जितना हो सके अपने बच्चे को अपने काम में शामिल करने की कोशिश करें। उन पर ध्यान दें और उनकी पसंदीदा गतिविधियों में शामिल हों; इससे आप दोनों के बीच नजदीकियाँ बढ़ेंगी। बच्चे स्वाभाविक रूप से अपने माता-पिता का ध्यान और स्वीकृति चाहते हैं, इसलिए समझदार माता-पिता इसका इस्तेमाल अपने बच्चों को अलग-अलग तरीकों से सहयोग करने के लिए करते हैं। अनुशासन का मतलब है सिखाना और सीखना। अपने बच्चों को यह समझने में मदद करने के लिए कि उन्हें क्या जानना चाहिए और जरूरत पड़ने पर उनके व्यवहार को सुधारने के लिए, आपको उनसे इस तरह बात करनी होगी कि वे आपका सम्मान करें और समझें।

बच्चों के साथ पर्याप्त समय न बिताना और उनकी बातों को अनदेखा करना उन्हें बहुत तनाव में डाल सकता है। उन पर चिल्लाना या बात करने से पहले उन्हें दोष देना उनके तनाव को बढ़ाता है और उन्हें अपने प्रियजनों से नाराज भी कर सकता है। उनके अच्छे और बुरे दोनों गुणों को अनदेखा करने से अवसाद की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। साथ ही, उन्हें दूसरे बच्चों के साथ घूमने न देना या खराब ग्रेड के लिए शिक्षकों द्वारा आलोचना किए जाने से वे एक अंधकारमय जगह में चले जा सकते हैं। दुख की बात है कि कुछ बच्चे इन दबावों के कारण आत्महत्या करने के बारे में भी सोचते हैं। यह बात बच्चों के साथ हमारी चचाओं के दौरान सामने आई, जिन्होंने अपने माता-पिता से जुड़ी कई समस्याओं को साझा किया। हमने उनके परिवारों से भी बात की और पाया कि इनमें से कई बच्चे एकल-अभिभावक वाले घरों से आते हैं। बड़े परिवारों से ज्यादा बच्चे नहीं थे, लेकिन जो थे, उनका संचार बेहतर था, खासकर दादा-दादी के साथ। माता-पिता अक्सर अपने बच्चों से सही व्यवहार की उम्मीद करते हैं, जिससे दबाव और भी बढ़ जाता है।

जबकि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित करना अच्छा है, माता-पिता को अपने फोन के इस्तेमाल को नियंत्रित करने और अपने बच्चों के लिए भी समय निकालने की जरूरत है। यह परीक्षा अवधि के दौरान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। हमारी चर्चा के दौरान बच्चों ने अपने माता-पिता से जुड़े कई मुद्दों का उल्लेख किया। किसी बच्चे को पूरी तरह से नजरअंदाज करना लंबे समय में उसके भावनात्मक, सामाजिक और सोचने के कौशल को प्रभावित कर सकता है। बच्चों को लग सकता है कि वे ज्यादा मूल्यवान नहीं हैं या कोई उनसे प्यार नहीं करता, जिससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुँच सकती है। नजरअंदाज किए जाने से वे बेचैन और दुखी भी हो सकते हैं और कुछ मामलों में, यह गंभीर अवसाद का कारण भी बन सकता है। वे या तो खुद पर या उनकी देखभाल करने वाले लोगों पर गुस्सा हो सकते हैं और यह गुस्सा उनके गुस्से या आक्रामकता के रूप में सामने आ सकता है। बच्चों को अच्छी दोस्ती बनाने में मुश्किल हो सकती है क्योंकि वे संवाद करना या दूसरों के साथ घुलना-मिलना नहीं सीखते हैं। वे सामाजिक स्थितियों से दूर रहना शुरू कर सकते हैं, जिससे उन्हें और भी अकेलापन महसूस हो सकता है। कभी-कभी, वे सिर्फ. ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ कर सकते हैं, भले ही वह नकारात्मक ही क्यों न हो। बच्चों को पर्याप्त ध्यान न देना उनके मस्तिष्क के विकास और स्कूल में उनके प्रदर्शन को भी नुकसान पहुँचा सकता है, क्योंकि वे सीखने के लिए प्रेरित या प्रोत्साहित महसूस नहीं कर सकते हैं। जब बच्चों को बातचीत करने का मौका नहीं मिलता है, तो यह उनके भाषा कौशल और समग्र सोचने की क्षमताओं को धीमा कर सकता है क्योंकि वे महत्वपूर्ण सीखने के क्षणों से चूक जाते हैं। वे असुरक्षित लगाव शैलियों के साथ समाप्त हो सकते हैं, जो वयस्कों के रूप में उनके भविष्य के रिश्तों और भावनात्मक कल्याण को प्रभावित कर सकता है। यह सब भावनात्मक उपेक्षा बाद में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना को बढ़ा सकती है। इसलिए, संक्षेप में, एक बच्चे की अनदेखी करने से बहुत सारी नकारात्मक भावनाएं, सामाजिक संघर्ष, व्यवहार संबंधी समस्याएं और सीखने की समस्याएं हो सकती हैं। देखभाल करने वालों के लिए बच्चों पर ध्यान देना, उन्हें स्वस्थ रूप से बड़ा होने के लिए आवश्यक समर्थन और संचार देना बहुत महत्वपूर्ण है। बात करना बहुत जरूरी है, साथ ही जरूरत पड़ने पर दयालु होना भी जरूरी है! जितना हो सके अपने बच्चे को अपने काम में शामिल करने की कोशिश करें। उन पर ध्यान दें और उनकी पसंदीदा ग

एक नजर

सुकमा जिला पंचायत चुनाव में जबरदस्त भिड़ंत, 46 उम्मीदवारों ने ठोकी दावेदारी!

सुकमा 4 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । जिला पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है! 11 सीटों के लिए कुल 46 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। सबसे ज्यादा मुकाबला मनीकोंटा (वार्ड 10) में देखने को मिल रहा है, जहां 6 प्रत्याशी आमने-सामने हैं। सबसे चर्चित नाम कामरेड मनीष कुंजाम, जिन्होंने जगरगुंडा (वार्ड 08) से ताल ठोक दी है! अब देखना दिलचस्प होगा कि नामांकन जांच के बाद कौन-कौन चुनावी अखाड़े में टिकता है और किसकी रणनीति पड़ेगी भारी!

डीएवी स्कूल लालागुड़ा में मनाई गई वसंत पंचमी

गीदम, 4 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर डीएवी एमएमपीएस लालागुड़ा विद्यालय परिसर में माता सरस्वती पूजन के साथ हवन का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, और कर्मचारियों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत माता सरस्वती पूजन के साथ की गई, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य और अन्य अतिथियों ने भाग लिया। इसके बाद हवन का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्रों ने वेद मंत्रों का पाठ किया और हवन कुंड में आहुतियां दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने वसंत पंचमी के महत्व के बारे में बताया और कहा कि यह त्योहार ज्ञान और शिक्षा के प्रति समर्पित है। उन्होंने छात्रों को ज्ञान प्राप्त करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह के दौरान सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में भाग लेने वाले कक्षा 10वीं के छात्रों को आशीर्वाद और उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना के साथ सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने छात्रों को परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।वसंत पंचमी के इस शुभ अवसर पर विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने मां सरस्वती की पूजा की और ज्ञान और बुद्धि प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद मांगा। यह समारोह विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के लिए एक यादगार अवसर था।

ब्रेन रेन साइंस एक्सहिबिशन में विद्यार्थियों ने दिखाया अपनी प्रतिभा

गीदम, 4 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । डीएवी एमएमपीएस लालागुड़ा में आयोजित ब्रेन रेन साइंस एक्सहिबिशन में विद्यार्थियों ने अपनी विज्ञान परियोजनाओं को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर जोन एफ एआरओ शैलेश कुमार रहे वही डीएवी प्राचार्या श्रीमती ममता पंडा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। निर्णायक समिति में श्रीमती ममता नेताम हाई स्कूल प्राचार्या किलेपाल , मोहम्मद उस्मान खान सीएससी किलेपाल, विजय तिवारी पीजीटी विज्ञान ई एम आर एस एवं उदित यादव रहे। कार्यक्रम को सुचारू रूप से आयोजन करने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकायें एवम कर्मचारी उपस्थित रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि स्वागत गीत के साथ की गई, जिसमें विद्यालयीन छात्रा कुसुम और साथी ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद प्राचार्या श्रीमती ममता पंडा ने विज्ञान के महत्व को बताया और कहा कि किस प्रकार मनुष्य विज्ञान के कारण आज उन्नति कर रहे हैं। मुख्य अतिथि एआरओ शैलेश कुमार ने साइंस एक्सहिबिशन की शोभा बढ़ाते हुए विज्ञान की उपलब्धियों को बताया और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इसके बाद, नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों ने राइम्स, नृत्य, नाटक के माध्यम से आये हुए अतिथियों के लिये मनोरंजनात्मक एवम संदेश प्रद प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में बस्तर जिले के विभिन्न डीएवी विद्यालयों से प्रदर्शनी में प्रतिभागी छात्रों ने अपनी विज्ञान परियोजनाओं को प्रदर्शित किया, जो कि उनकी मेहनत और रचनात्मकता का परिणाम है। जिसमे वर्किंग मॉडल में डीएवी एमएमपीएस नकटी सेमरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , जबकि नॉन वर्किंग मॉडल में डीएवी एमएमपीएस करमरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में डीएवी एमएमपीएस लालागुड़ा विद्यालय संस्था के शिक्षक सुरेंद्र दलपत ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और जिज्ञासा को बढ़ावा देना था, जो कि सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

स्वास्थ्य केंद्रों में मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें:कलेक्टर

सुकमा 4 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक नियद नेल्लानार क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने से संबंधित थी। बैठक के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का बेहतर प्रचार प्रसार और क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने फील्ड में कार्यरत सुपरवाइजर और कार्यकर्ताओं को सभी प्रकार के आवश्यक रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए। आँगनबाड़ी केंद्र में आने वाले गर्भवती और शिशुवती महिलाओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग की बैठक के दौरान उन्होंने अंदरूनी क्षेत्रों में होने वाले बैठक के संबंध में आवश्यक जानकारी ली।

संवेदनशील ग्रामों में चलाया जा रहा मतदान जागरूकता अभियान

■ नागलगुण्डा, एर्राबोर सहित कई गांवों में निकाली गई जागरूकता रैली, दीवार लेखन और शपथ ग्रहण के जरिए ग्रामीणों को किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 4 फरवरी। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में शहरी एवं संवेदनशील ग्रामों में नियमित रूप से मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उरमापाल, गुडरा, सामसट्टी, टांगररास, केरातोंग, पुजारीपाल, नागलगुण्डा, एर्राबोर, आरगट्टा, दरभागुडा, मानकापाल, कवासीरास, किकिरपाल सहित कई गांवों में ग्रामीणों को मतदान के महत्व को समझाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में जागरूकता रैली, दीवारों पर नारा लेखन, बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने की शपथ और परिचर्चा जैसे कार्यक्रम किया गया।

जागरूकता रैली में ग्रामीणों की भागीदारी

गांवों में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया। रैली में पहले मतदान, फिर जलपान, लोकतंत्र की पहचान, मतदान है महान जैसे नारे लगाए गए। इस दौरान ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि मतदान न केवल उनका अधिकार है, बल्कि यह उनके क्षेत्र के विकास के लिए भी आवश्यक है।

दीवार लेखन से किया प्रेरित

मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए गांव की प्रमुख जगहों, भवनों की दीवारों पर नारे लिखे गए। इन नारों में बिना किसी लोभ के करें मतदान आपका वोट, आपका भविष्य जैसे संदेशों को लिखा गया, ताकि ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सके। गांवों में विशेष रूप से एक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने निष्पक्ष और बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने की शपथ ली। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने यह संकल्प लिया कि वे जाति, धर्म, धन या किसी अन्य प्रभाव में आए बिना स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

ग्रामीणों ने दिखाया उत्साह

इस जागरूकता अभियान से गांवों के लोगों में मतदान को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और चुनाव के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचेंगे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।

चुनाव में जनता का मिल रहा भरपूर समर्थन:भाजपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बचेली 4 फरवरी। लौहनगरी बचेली में 06 घंटे नींद और 18 घंटे की दौड़ भोजन का भी समय तय नहीं प्रचार में पूरी ताकत झोंक रहे भाजपा प्रत्याशी 2025 नगरीय निकाय के चुनाव प्रचार में प्रत्याशी दिन-रात एक कर रहे हैं। बचेली भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी राजु जायसवाल केवल 06 घंटे सो रहे हैं और 18 घंटे जनसंपर्क में जुटे हैं। दोपहर का भोजन कार्यकर्ताओं के साथ करते हैं और रात में खाने का कोई समय तय नहीं है। बता दें कि बचेली में नागरिनिकाय चुनाव के लिए 11 फरवरी को मतदान होगा। चुनाव में प्रचार-प्रसार अब जोर शोर से चल रही है। ऐसे में भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी राजु जायसवाल सहित भाजपा के सभी 18 वार्डो के पार्षदों ने जनता के बीच भरोसा और विश्वास बनाने के लिए दिनरात एक कर रहे हैं। टहलना हो या फिर भोजन करना हर समय प्रत्याशी द्वारा सिर्फ एक ही कोशिश है कि अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना उनसे मिलना और उनकी समस्याओं का निराकरण करवाना इस वजह से ही प्रत्याशियों की दिनचर्या में इन दिनों काफी बदलाव आ गया है। बचेली से भाजपा के प्रत्याशी राजु जायसवाल चुनाव प्रचार की व्यस्तता के चलते केवल 06 घंटे ही नींद ले रहे हैं। जबकि बाकी समय रैलियों, पदयात्रा, बैठकों और जनसभाओं में देकर लोगों से जनसंपर्क कर रहे हैं। यही नहीं वह दोपहर का भोजन भी कार्यकर्ताओं के साथ कर रहे हैं, जबकि रात में उनका भोजन करने का भी कोई समय तय नहीं है। भाजपा बचेली मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती ने बताया सुबह नौ बजे से ही पदयात्रा और जनसंपर्क वाले कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं। चुनाव मे नगरवासियों का भी भरपूर समर्थन भाजपा को मिल रहा हैं।

समाचार संक्षेप

स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित

सुकमा, 4 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । आगामी नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा जिले में मतदान अधिकारियों, पीठासीन और सेक्टर अधिकारियों के लिए दो दिवसीय पद्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र परिसर सुकमा और दोरनापाल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में अधिकारियों से स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने सभी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अनुत्तीर्ण मतदान अधिकारीयों में श्रीमती सुनीता साहू, श्रीमती सत्यवती नेताम, श्रीमती शेख जैबुन शामिल है।

पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का प्रेक्षक ने किया अवलोकन

सुकमा 4 फरवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रेक्षक श्री अश्विनी देवांगन ने आज जिला पंचायत कार्यालय में चल रही नाम निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने कार्यालय परिसर में जाकर जनप्रतिनिधियों द्वारा भरे जा रहे नाम निर्देशन पत्रों की जांच की और समस्त चुनावी प्रक्रियाओं की समुचित व्यवस्था का गहन जायजा लिया। प्रेक्षक ने इस अवसर पर चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि नामांकन प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उम्मीदवारों को नामांकन भरने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और इसके लिए हर संभव उपाय किए जाएं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की बात कही कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन सहित निर्वाचन संबंधित अन्य अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे।

पुरानी भाजपा कार्यकर्ता रुक्मणी बेसरा की जगह नारायण को टिकट क्यों दिया ?

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पखांजुर 4 फरवरी। श्रीमती रुक्मणी बेसरा की टिकट की खबर समाचारों में आया और कुछ उपरांत टिकट काटकर नारायण शाह को क्यों ? श्रीमती रुक्मणी बेसरा भाजपा की पुरानी कार्यकर्ता वर्ष 1998- 99 में ग्राम पंचायत पखांजूर की रिकार्ड मतों से जीतकर जनपद सदस्य बनी वर्ष 2003-4 में ग्राम पंचायत श्याम नगर घोड़ा गांव पुरुषोत्तम नगर तीनों पंचायत की जनपद सदस्य रही है वर्ष 2009-10 में पखांजूर महिला मोर्चा मंडल की अध्यक्ष रही वर्ष 2003-4 में जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला प्रकोष्ठ रही वर्ष 1998 99 जिला कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा रही और सभापति सहकारिताजनपद पंचायत वर्ष 2003 में जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में महिला बाल विकास समिति की सभापति थी वर्ष 2014-15 में नगर पंचायत पखांजूर में पार्षद रही 2019-20 में नगर पंचायत पखांजूर में पार्षद रही वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव में उन्होंने अध्यक्ष पद हेतु आवेदन दिया था उनसे पार्टी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि बंदूक की गोलियों के बीच कोयलीबेड़ा में बैठकों में भाग लेना और भाजपा पार्टी का प्रचार प्रसार करना,विधायक ,सांसद के कोयालीबेडा काफिले पर हमला हुआ तब भी मैं काफिले में शामिल थी और पार्टी हेतु कार्य किया , पानावार में नक्सलियों ने हमला किया और स्कूल में सभी कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस की सुरक्षा में रात रहना पड़ा था तब भी यह पार्टी हेतु कार्य किया और उन्होंने अपने पति स्वर्गीय बेसरा सर को याद करते हुए कहा कि वह भाजपा से जुड़ी थी और विपक्ष में कांग्रेस का शासन था तब भी पार्टी के सभी आंदोलन में सक्रियता से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती थी पिछले समय भी भूपेश बघेल जी मुख्य मंत्री थे और पार्षद से अध्यक्ष का चुनाव होना था, और परिवार के सभी सदस्य सरकारी नौकरी में थे तब भी श्रीमती रूखमणी बेसरा जी के द्वारा भाजपा उम्मीदवार को ही वोट दिया गया था। उन्होंने बताया कि वर्ष 1994- 95 से पार्टी में एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में जुड़ी थी,भाजपा संगठन ने उनकी वरिष्ठता और कार्य के आधार पर टिकट भी दिया यह खबर समाचार टीवी चैनल न्यूज़ चैनलों में दिखाया गया लेकिन कुछ ही समय बाद बस्तर संभाग संयोजक श्री विक्रम सिंह उसेंडी ने हस्ताक्षर कर एक सूची जारी की जिसमें रुक्मणी बेसरा के स्थान पर नारायण शाह का नाम था पार्टी के जानकारों की नाम बताने की शर्त पर कहा कि बस्तर संभाग से संयोजक विक्रम उसेंडी ने एक तरफा निर्णय लेते हुए, अड़ गए और उन्होंने संगठन के निर्णय को दरकिनार करते हुए श्रीमती रूखमणी बेसरा के टिकट को काट कर नारायण चंद्र शाह को टिकट दिया गया वर्तमान पार्षद श्रीमती रूखमणी बेसरा से इस विषय पर सवाल पूछने पर उन्होंने कहा कि विधायक जी से पूछिए इस सवाल का जवाब पूरे परलकोट पखाजुर को मालूम है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह आज पहुंचेंगे सुकमा

सुकमा 4 फरवरी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह, सचिव श्री सर्वेश्वर भुरे, नोडल अधिकारी श्री ओपी पाल सहित अन्य अधिकारी गण 04 फ़रवरी मंगलवार को नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के मतदान पूर्व तैयारियों की समीक्षा के लिए सुकमा जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य निर्वाचन आयुक्त सहित अधिकारीगण प्रातः 11~10 बजे हेलीकॉप्टर से सुकमा पहुँचेंगे। इसके पश्चात वे 11:30 से 12:30 तक स्ट्रॉंग रूम और मतदान केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात जिले के कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक श्री किरन चव्हाण एवं सभी रिटर्निंग ऑफिसर के साथ जिले के नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के संबंध में समीक्षा करेंगे। इसके पश्चात वे अपराह्न 12:30 बजे सुकमा जिले से जगदलपुर, बस्तर के लिए हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे।

ईवीएम का किया गया पूरक रैंडमाइजेशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 4 फरवरी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में ईवीएम मशीनों का पूरक रैंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट कार्यालय के वीसी सभाकक्ष में सोमवार को किया गया। जिले में उपलब्ध कुल 135 बीयू और 67 सीयू ईवीएम मशीनों का पूरक रैंडमाइजेशन किया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय सुकमा के वीसी सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से राजनीतिक दल के सदस्यों के समक्ष पूरक रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न की गई। आगामी नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 हेतु मतदान केन्द्रों में उपयोग किये जाने वाले ईव्हीएम मशीनों का पूरक रेंडमाइजेशन अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेंद्र सिंह तथा राजनीतिक दल के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। रेंडमाइजेशन करने के पश्चात् रेंडमाइजेशन डॉक्यूमेंट की एक-एक प्रति राजनीतिक दल के सदस्यों को उपलब्ध कराई गई। रेंडमाइजेशन की समस्त प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की गयी।बैठक में राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी से हुंगाराम मरकाम, रामगोपाल राठौर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से राजेश नाग, शेख गुलाम, बसपा से सोलोमन गाड़ा, मिनो गाड़ा, गुड़िया कर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और निर्वाचन से संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

डमी ईवीएम का प्रदर्शन और सुरक्षित मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा

नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 4 फरवरी। सुकमा जिले में नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनज़र आज विभिन्न वार्डों में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किया गया, जिसमें नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी की टीम ने भाग लिया। मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के सही उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में विभिन्न वार्डो में डमी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनका प्रदर्शन किया जा रहा है।

अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सुकमा और नगर पंचायत दोरनापाल के विभिन्न वार्डों में डमी ईव्हीएम मशीन का लाइव प्रदर्शन किया जा रहा है।

यहां नागरिकों को मशीन के कार्यप्रणाली का डेमो दिखाया गया और सुरक्षित मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही। मतदान प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराने हेतु डेमो मतदान का आयोजन भी किया गया, जिसमें नागरिकों ने खुद मतदान प्रक्रिया को समझा और विभिन्न चरणों के बारे में सीखा। इसके माध्यम से नागरिकों को यह बताया गया कि ईव्हीएम के माध्यम से उनका मत गोपनीय एवं सुरक्षित रहता है, जिससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहती है। मतदाता जागरूकता अभियान को आगामी दिनों में भी जारी रखने की योजना है।

इस अभियान के तहत ईवीएम मशीन का प्रदर्शन, डेमो मतदान, और सुरक्षित वोटिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। नगर के नागरिकों ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और मतदान से संबंधित विभिन्न जानकारियों को आत्मसात किया। यह पहल नागरिकों को आगामी नगरीय निकाय चुनाव में जागरूक और सक्रिय मतदाता बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

स्वच्छ शहर का सपना साकार करने सहयोग करें, जगदलपुर में बनायें ट्रिपल इंजन की सरकार: संजय पाण्डे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 4 फरवरी। आगामी निकाय चुनाव के मतदान के लिये गिनती के चंद दिन ही शेष हैं। भारतीय जनता पार्टी जगदलपुर नगर निगम जीतने के लिये प्रचार-प्रसार में समग्र ताकत लगा रही है। भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने सोमवार को लालबाग स्थित माँ दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना, शिवलिंग पर जलाभिषेक एवं माता गुड़ी में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया एवं शहर के विभिन्न वार्डों में सघन जनसंपर्क किया। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नुक्कड़ सभाओं में सम्मिलित हुए। साथ ही निकाय चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने व जगदलपुर में ट्रिपल इंजन की सुशासन वाली सरकार बनाने जनता के बीच पहुँच कर आग्रह किया। भाजपा महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने शहर के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, गुरू घासीदास वार्ड, संतोषी वार्ड, महेन्द्र कर्मा वार्ड एवं महारानी वार्ड सहित कुल 07 वार्डों में डोर-टू-डोर पहुँच कर लोगों से सीधा संपर्क किया और जीवंत संवाद स्थापित कर भाजपा प्रत्याशियों को निकाय चुनाव में विजयी बनाने की अपील की। महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जन-जन को मिला है। महतारी वंदन योजना एवं आमजन के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्यान योजना जैसे अनेक काम जमीनी स्तर पर पूरे हुए हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में एक साल में ही मोदी की गारंटी को पूरी गारंटी के साथ लगभग पूर्ण कर चुकी है।

श्री पाण्डे ने कहा कि प्रदेश के किसानों व तेंदूपत्ता संग्राहकों से किया वायदा भाजपा सरकार ने तय समय में निभाया। महतारी वंदन योजना में प्रदेश की सम्मानीय माता, बहनों, बेटियों के बैंक खाते में एक-एक हजार रुपये हर माह पहुँच रही है। भाजपा जनता जनार्दन से जो वादा करती है, उसे ज़िम्मेदारी से पूरा करती है। भाजपा महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विकसित भारत का सपना साकार कर रहे हैं। मौजूदा निकाय चुनाव में आमजन का एक-एक मत महत्वपूर्ण है। जगदलपुर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने भाजपा के पक्ष में मतदान कर विजयी बनायें।

एक नजर

जागव वोटर अभियान के तहत ईवीएम डेमो कार्यक्रम आयोजित

महासमुंद,4 फरवरी। नगर पालिका परिषद सरायपाली में स्थानीय निर्वाचन 2024-25 के लिए जागव वोटर अभियान के तहत ईवीएम डेमो कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों को ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के सही तरीके से इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी गई, ताकि नगरीय निकाय चुनाव में वे अपने मतदान अधिकार का सही तरीके से उपयोग कर सकें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने इस अभियान को सफल बनाने में स्थानीय निवासियों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि सही मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत बनता है और यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने वोट का उपयोग करें। जाबो कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से लोगों तक जानकारी पहुंचाई जा रही है। नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों द्वारा ईवीएम के विभिन्न पहलुओं,मतदान के दिन वोट डालने की सही प्रक्रिया को समझाया जा रहा है ताकि लोगों को चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

नोडल अधिकारी ने किया पिथौरा में मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण

महासमुंद,4 फरवरी। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों में जारी है। इस बार पंचायत चुनाव में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों को मतदान दल में शामिल किया गया है, जिन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण नंदकिशोर सिन्हा एवं जिले के मुख्य मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी द्वारा सेंट फ्रांसिस स्कूल, पिथौरा में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षों में जाकर महिला मतदान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चुनाव एक टीम वर्क होता है, जिसे मतदान दल के सभी सदस्यों को मिलकर निष्पक्षता और नियमों के तहत संपन्न कराना होता है। उन्होंने मतदान कर्मियों से अपील की कि किसी भी प्रकार की भय या आशंका न पालें और निर्भीक होकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति उत्पन्न होती है, तो सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी से मार्गदर्शन लेना आवश्यक होगा। निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके ठाकुर, बीआरसी नरेश पटेल, एसएस तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक तकनीकी और प्रक्रियात्मक जानकारी दी जा रही है, जिससे आगामी पंचायत निर्वाचन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आयोजित किया गया ईवीएम डेमो प्रदर्शन

रायगढ़, 4 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के तहत आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए ईवीएम डेमो प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन श्री समीर बड़ा उपस्थित रहे।मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल एवं श्री विकास रंजन सिन्हा ने ईवीएम डेमो प्रदर्शन में जानकारी देते हुए बताया कि सभी नगरीय निकायों में ईवीएम से मतदान होना है। इस बार के निर्वाचन में एम टू टाइप की मशीनें प्रयुक्त होंगी, जिसमें कंट्रोल यूनिट तथा बैलेट यूनिट का ही प्रयोग होगा। वहीं नगर निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 24, 25, 36, 40, 42 एवं 47 में पार्षद पद के अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण एक के स्थान पर दो बीयू का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने ईवीएम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले के स्थानीय नगरीय निकायों के निर्वाचन में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिस इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन का उपयोग किया जा रहा है वह बहुपद, बहुस्थान वाली ईवीएम है जिसमें एक मतदाता द्वारा दोनों पदों के लिए दो बार बटन महापौर/अध्यक्ष तथा पार्षद पद के प्रत्याशियों के लिए मतदान किया जा सकता है। मास्टर ट्रेनर द्वय ने कंट्रोल यूनिट के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कंट्रोल यूनिट के चार भाग हैं जिनमें डिस्प्ले सेक्शन, कैंडिडेट सेक्शन, रिजल्ट सेक्शन एवं बैलेट सेक्शन होते हैं। इसी तरह बैलेट यूनिट के संबंध में बताया गया कि बैलेट यूनिट में 16 बटन होते है। अंतिम (क्रमांक 16)बटन इंड बटन होता है। मतगणना के लिए मतगणना कक्ष में केवल कंट्रोल यूनिट ही लाई जाएगी।

मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम मतदान प्रक्रिया के संबंध में बताया कि मतदान अधिकारी क्रमांक 1 द्वारा मतदाता के सत्यता की पुष्टि के पश्चात मतदान अधिकारी क्रमांक-2 मतदाता रजिस्टर में सुसंगत प्रविष्टि और हस्ताक्षर लेगा। इसी प्रकार मतदान अधिकारी क्रमांक 3 सीयू पर बैलेट बटन दबाकर मत जारी करेगा।

रैली निकाल कर भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी शिवांगी चतुर्वेदी ने जिला पंचायत क्षेत्र-5 के लिए पर्चा भरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम, 4 फरवरी। पाण्डुका त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन का आखिरी दिन था ऐसे में आज नामांकन भरने वालों की जिला से लेकर ब्लॉक मुख्यालय और पंच सरपंच के लिए बनाए गए सेक्टर में भारी भीड़ देखने को मिला इसी तरह जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी शिवांगी चतुर्वेदी ने भी अपना पर्चा भरा जिले में भाजपा के बड़े नेताओं के साथ जिले के 11 जिला पंचायत सदस्यों ने भी अपना पर्चा दाखिल किया और दिलचस्प मुकाबला क्षेत्र क्रमांक 05 में है। जहां शुरू से दो प्रत्याशियों रहे और दोनों प्रत्याशी ने अपना अपना प्रचार भी शुरू कर दिए है।और आज नामांकन दाखिल के अंतिम दिन में कोई तीसरा नाम नहीं आया इस लिहाज से यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला होना है।

साथ ही आज ही कांग्रेस ने भी अपना 11 प्रत्याशियों की सूची जारी की है। जिसमें कांग्रेस के एक बड़े नेता ने प्रत्याशी चयन को लेकर दूरी बना रखी थी। इस तरह कांग्रेस का अंतर कलह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।आज जारी किए सूची में क्षेत्र क्रमांक 05 से रजनी सतीश चौरे को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। पर भाजपा ने पहले सूची जारी कर प्रचार की गति को बढ़ा दी थी।पांडुका अंचल के अतरमरा गांव की चतुर्वेदी परिवार की बड़ी बहू इस बार मैदान में है गांव सहित अंचल में भारी उत्साह है।वहीं भाजपा के कार्यकर्ताओं में भी जीत को लेकर पूरी तरह आस्वस्थ है ।भाजपा प्रत्याशी शिवांगी चतुर्वेदी ने बताया कि क्षेत्र के विकास केवल और केवल भाजपा सरकार ही कर सकती है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद से 2003 से लेकर अब तक केवल भाजपा ही विकास कार्य किया है गिनने जाए तो लाखों विकास कार्य है जिसकी गिनती नहीं किया जा सकता प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार है ऐसे में अन्य राजनीतिक पार्टी क्षेत्र के विकास नहीं कर सकता तो भाजपा ही एकमात्र विकल्प है विकास के लिए वर्षों से हमारा सपना है की क्षेत्र का विकास कैसे हो इसके लिए विधायक ,सांसद सहित मंत्री और मुख्यमंत्री सदैव तत्पर रहे हैं सबका साथ-साथ का विकास का अनमोल मंत्र को साकार करने का समय है । और ये बाते क्षेत्र के हमारे मतदाता भाई ,बहन अच्छे से जानते हैं। विकास का दूसरा नाम केवल भाजपा सरकार है इसलिए भाजपा सरकार ही क्षेत्र का विकास करेगा यही कटु सत्य है बाकी कोई कितना भी प्रचार प्रसार कर ले यहां केवल भाजपा का परचम लहराएगा।

15 संस्थाओं के 29 लापरवाह शिक्षकों को बीईओ ने किया जारी कारण बताओ नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,4 फरवरी । जिले में संचालित शासकीय विद्यालयों के शैक्षणिक व्यवस्था और सुचारू ढंग से संचालन को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारी नियमित रूप से स्कूलों का दौरा कर रहे हैं। शनिवार को शैक्षिक संकुल समन्वयक के निरीक्षण के दौरान 15 शालाओं से 29 अनुपस्थित शिक्षकों को खंड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

नोटिस में कहा गया है कि विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें विद्यालय बंद पाया गया तथा आप अपने निर्धारित कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। आपकी इस अनुपस्थिति के कारण छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियां बाधित हुईं, जिससे उनकी शैक्षिक प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। यह न केवल विद्यार्थियों की शिक्षा में व्यवधान उत्पन्न करता है, बल्कि विद्यालय संचालन एवं शिक्षण व्यवस्था के प्रति आपकी लापरवाही को भी उजागर करता है। एक शिक्षक के रूप में, आपका प्राथमिक उत्तरदायित्व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षण प्रक्रिया को सुनिश्चित करना है। आपकी अनुपस्थिति से न केवल शिक्षण प्रक्रिया प्रभावित हुई है, बल्कि विद्यार्थियों की सीखने की निरंतरता भी बाधित हुई है। साथ ही, विद्यालय बंद रहने से छात्रों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है, जिससे कोई अप्रिय घटना, दुर्घटना या आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हो सकती थी। यह छात्रों की शैक्षणिक प्रगति में बाधा उत्पन्न करने के साथ-साथ आपके कर्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता एवं अनुशासनहीनता को भी प्रदर्शित करता है। आपका यह कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 (क) एवं (ग) के विपरीत है तथा कदाचरण की श्रेणी में आता है। क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किया जाए। अतः आप इस संबंध में अपना लिखित जवाब, पत्र प्राप्ति के 02 दिवस के अंदर समय शाम 04:00 बजे के पश्चात स्वयं अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। आपका जवाब समाधान कारक अथवा समय सीमा में नही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

इन्हें मिला नोटिस-ईश्वरी चापड़ी प्र.अध्यापक, संध्या मरावी सहा. शिक्षक सीबीएसई प्रा.शा. पेदाकावली, रमेश जुमड़े प्र.अ., नवीन मट्टी प्रा शा मिड़ते, रमैया यालम सहा.शि. एलबी. प्रा.शा. कुड़ियाम पारा पेदाकोड़ेपाल, विजय लक्ष्मी कुर्रे प्र.अ., राकेश पुजारी सहा. शि. एलबी, प्रीति तिग्गा प्र. शाला पेदाकोड़ेपाल, पुष्पलता कार्तिकेय प्र.अ. फूलबाई बैग सहा.शि. प्राथमिक शाला इटपाल, अर्पणा कुमार सहा.शि. एलबी बीजापुर, भारती नेताम सहा शिक्षक बालक आश्रम शाला गोंगला, प्रमिला मोरला प्र.अ., रामगोपाल मांझी शिक्षक एलबी, साहिन परवीन शिक्षक एलबी,आराधना दुर्गम शिक्षक एलबी मा. शाला इटपाल, रुकमणि भोयर प्र.अ., तुलसी राना सहा.शि. एलबी प्र.शा. मूसालूर, भीमा चेपा प्र.अ., बसंत कुमार शिक्षक प्र.शा. डोंगरी पारा मूसालूर, वेंकटेश्वर गुरला प्र.अ. प्राथमिक शाला भोगमगुड़ा, शैलेन्द्र वाचम सहायक शिक्षक एलबी प्रा. शाला सरपंच पारा चेरपाल, अलमा संगा प्र.अ., गोपाल कृष्ण पांडे सहायक शिक्षक एलबी, गजेंद्र कुमार सहा. शिक्षक प्राथमिक शाला रेंगानार, गन्नूराम वटी प्र.अ. पोटा केबिन नेमेड, बीआर अमांद प्र.अ., तरुण सेमल शिक्षक एलबी, सीएच रामाराव शिक्षक एलबी और राजेश कुमार शाह शिक्षक एलबी पूर्व माध्यमिक शाला चेरपाल शामिल हैं।

पिथौरा में मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण

महासमुंद, 4 फरवरी । जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों में जारी है। इस बार पंचायत चुनाव में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों को मतदान दल में शामिल किया गया है, जिन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्री नंदकिशोर सिन्हा एवं जिले के मुख्य मास्टर ट्रेनर श्री तोषण गिरि गोस्वामी द्वारा सेंट फ्रांसिस स्कूल, पिथौरा में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षों में जाकर महिला मतदान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चुनाव एक टीम वर्क होता है, जिसे मतदान दल के सभी सदस्यों को मिलकर निष्पक्षता और नियमों के तहत संपन्न कराना होता है। उन्होंने मतदान कर्मियों से अपील की कि किसी भी प्रकार की भय या आशंका न पालें और निर्भीक होकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

जिला पंचायत सदस्य के लिए 81 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र किया दाखिल

रायगढ़, 4 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 हेतु लिए जा रहे नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत अंतिम तिथि आज 3 फरवरी तक की स्थिति में जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 81 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। जिनमें विकासखण्ड रायगढ़ से 15, पुसौर से 18, खरसिया से 12, घरघोड़ा से 2, तमनार से 9, लैलूंगा से 12 एवं धरमजयगढ़ से 13 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है।

उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में मतदान तीन चरण में संपन्न होंगे। तीनों चरणों के लिए 27 जनवरी 2025 से नाम निर्देशन पत्र की प्रक्रिया शुरू हुई थी। तीनों चरणों के लिए 3 फरवरी 2025 नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि थी। तीनों चरणों में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 4 फरवरी 2025 को की जाएगी। तीनों चरणों के लिए अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 6 फरवरी 2025 है, निर्वाचन लडने् वाले अभ्यर्थियों की सूचना तैयार कर प्रकाशन करना व निर्वाचक प्रतीकों का आबंटन 6 फरवरी 2025 को ही किया जाएगा। प्रथम चरण के लिए मतदान एवं मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना 17 फरवरी 2025 और खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना 18 फरवरी 2025 को की जाएगी। द्वितीय चरण के लिए मतदान एवं मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना 20 फरवरी 2025 और खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना 21 फरवरी 2025 को की जाएगी। तृतीय चरण के लिए मतदान एवं मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना 23 फरवरी 2025 और खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना 24 फरवरी 2025 को की जाएगी।

दस देवी-देवताओं के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए महामाया तालाब से निकली जल कलश यात्रा

महासमुंद,4 फरवरी। गुप्त नवरात्रि के अवसर पर स्थानीय महामाया मंदिर में आयोजित होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए बाजे गाजे व जीवंत झांकी का प्रदर्शन करते हुए जल कलश यात्रा निकली। महामाया मंदिर से वरूण देव की पूजा अर्चना के बाद जल कलश यात्रा निकली, जो नगर भ्रमण करते हुए वापस महामाया मंदिर पहुंची। बिठोबा टाकीज चौक, अंबेडकर चौक, नेहरू चौक, दुर्गा मंदिर चौक, गांधी चौक होते हुए जल कलश यात्रा पहुंची।

इस दौरान लोगों ने जल कलश यात्रा में शामिल लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए आतिशबाजी की। आचार्य पंकज तिवारी ने यज्ञ स्थल में कलश को स्थापित कर गणेश पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश से प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरूआत की। 3 से 7 फरवरी तक आयोजित इस समारोह में दस देवी-देवताओं की मूर्तियां विराजित की जा रही है। पिछले तीन वर्षों से इसकी तैयारी की जा रही थी। किंतु, जयपुर से मूर्तियां नहीं आने के कारण यह कार्यक्रम लगातार टलता रहा है। एक माह पूर्व मूर्तियों के आ जाने के बाद प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी जोरशोर से शुरू हुई। महामाया मंदिर में स्थित शिवालय के पास ही यज्ञ मंडप बनाया गया है। जिसमें 4 फरवरी से वेदी पूजन, अग्नि स्थापन व वस्तु पूजन विधान विधिवत शुरू होगा। जल कलश यात्रा के आगे-आगे जीवंत झांकी में शिव परिवार व देवी के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन करते झांकी के कलाकार चल रहे थे।

10 फरवरी को सर्व आदिवासी समाज मनाएगा भूमकाल दिवस

बीजापुर,4 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भूमकाल दिवस को हर्षोल्लास पूर्वक मनाने के लिए सोमवार को सर्व आदिवासी समाज ने भैरमगढ़ में बैठक कर रूपरेखा तैयार की है। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि आदिवासियो ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ भूमकाल आंदोलन की शुरुआत की थी। यह आंदोलन बस्तर के वीर आदिवासी नायकों के बलिदान को लेकर याद किया जाता है, जिन्होंने आजादी और अपने जल, जंगल, जमीन की लड़ाई के लिए अंग्रेजों के गोला बारूद का सामना तीर धनुष और अपने पारंपरिक हथियारों से किया था।जग्गूराम तेलामी ने बताया कि बस्तर के आदिम वीर स्वतंत्रता संग्राम में महानायकों के सम्मान में भैरमगढ़ नगर में भूमकाल दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा।इस आयोजन का संयोजन सर्व आदिवासी समाज ब्लाक इकाई भैरमगढ़ करेगा। कार्यक्रम आयोजन को लेकर सामाजिक भवन भैरमगढ़ बैठक आयोजित कर रूप रेखा तय की गई तथा स्थानीय प्रशासन को सूचना दे दी गई है।इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष सीताराम मांझी, सीएस नेताम, भाव सिंह भास्कर, , मोटु वटटी, बना फरसा, अर्जुन उरसा, सोनारु पोयाम, विनिता बघेल, सुहागा तारम, रमीला हपका, सोनकु तेलाम सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 42 नामांकन पत्र जमा

बीजापुर,4 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला पंचायत सदस्य पद हेतु आज अंतिम दिन तक कुल 42 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया जिसमें निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 तिमेड़ से लक्ष्मी बसंत ताटी, कविता कोरम, क्षेत्र क्रमांक 02 मद्देड़ से मुत्तैया मिच्चा, पेरे पुल्लैया, रंजना उद्दे एवं राजेश्वरी ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 03 बेदरे से प्रीती आरकी एवं कमला मिच्चा, क्षेत्र क्रमांक 04 जांगला से चैतूराम लेकाम, भावेश कुमार कोरसा, बलराम बेंजाम एवं लच्छूराम मोड़ियामी, क्षेत्र क्रमांक 05 नेलसनार से सामंती कोरसा एवं पार्वती कश्यप, क्षेत्र क्रमांक 06 गंगालूर से सतेश कुमार एंड्रिक, सोमलू हेमला, शांति तेलम, कलमू राजू, बी पुष्पा राव, रत्तूराम हेमला एवं बी गौतम राव, क्षेत्र क्रमांक 07 नैमेड़ से जमुना सकनी एवं नीना रावतिया उद्दे, क्षेत्र क्रमांक 08 तोयनार से अजय कुड़ियम, शंकर कुड़ियम, मथियस कुजुर एवं जेम्स कुड़ियम, क्षेत्र क्रमांक 09 आवापल्ली से तेलम बोरैया, शंकरैया मडवी, कमलेश कारम, अनिल बुरका, तिरूपति पुनेम एवं ज्योति ध्रुवा, क्षेत्र क्रमांक 10 पामेड़ से जानकी कोरसा, सरोजनी कटटम एवं लक्ष्मी सोड़ी ने नामांकन जमा किया। नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा रिटर्निंग आफिसर द्वारा 04 फरवरी दिन मंगलवार को किया जाएगा। वहीं 06 फवरी को निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर प्रकाशन किया जाएगा एवं रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा।

दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

बीजापुर,4 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है 12 जनवरी 2025 को प्रातः 07:30 बजे करीब थाना मद्देड़ अंतर्गत बंदेपारा के मध्य जंगल पहाड़ में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सर्चिंग के दौरान 03 नग अज्ञात पुरूष एवं 02 नग महिला माओवादी का शव जिनके पास से भरमार बंदूक, जिन्दा कारतूस, 12 बोर का 14 नग जिन्दा कारतूस सहित नक्सल सामग्री बरामद की गई। इस संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की जानकारी हो तो 14 फरवरी 2025 तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भोपालपटनम में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

2 ग्रामीणों की धारदार हथियार से गला रेत कर की गई हत्या

बीजापुर,4 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। दिनांक 03/02/2025 के रात्रि में अज्ञात माओवादियों के द्वारा कारम राजू पिता बारे उम्र 32 वर्ष तालाब पारा बुड़गी चेरू एवं माड़वी मुन्ना पिता सुकड़ा उम्र 27 वर्ष निवासी नयापारा बुड़गीचेरू की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या करने की आसूचना प्राप्त हुई है ।सूचना पर थाना तर्रेम द्वारा आसूचना की तस्दीक एवं अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

हाइवा पोल से टकराया,लोगों ने चालक को बचाया

भिलाई, 4 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के आज सुबह 9 बजे एक रेत से भरा हाइवा ष्टत्र 07 ष्टह्र 2697 सेक्टर - 1 की तरफ से नंदिनी जाने वाले ओवर ब्रिज से आ रहा था जैसे ही हाइवा ब्रिज से नीचे उतरा उसका संतुलन बिगड़ गया और हाइवा सीधे डिवाइडर पर लगे बड़े से लोहे के पोल से टकरा गया टक्कर इतनी तेज थी कि पूरा छावनी कैंप 2 में टकराने की आवाज आई हाइवा के अंदर फंसा ड्राइवर सूचना मिलते ही छावनी पुलिस मौके पर पहुंची लोग वहां राहत बचाव कार्य करने पहुंचे प्रत्यक्षदर्शी प्रदीप सिंह ने बताया कि लोहे के पोल से टकराने से ट्रक के सामने का हिस्सा पूरा अंदर घुस गया अंदर बैठा ड्राइवर बुरी तरह फंस गया है साथ ही परिचालक भी फंसा था, लोगों ने किसी तरह से हाइवा के अंदर से परिचालक को बाहर निकाल लिया लेकिन चालक स्टेरिंग के बीच में ही फंसा हुआ है. उसे निकालने के लिए छावनी पुलिस ने गैस कटर मंगाया है ट्रक के सामने केबिन का हिस्सा काटने के बाद ही चालक को निकाला जा सकेगा घटना में बाइक सवार घायल बताया जा रहा है कि इस घटना में एक बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हुआ है बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हाइवा पोल से टकरा गया. इस घटना में बाइक सवार भी हाइवा से टकरा कर घायल हुआ है जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया है ओवर ब्रिज से हैवी कमर्शियल गाड़ियां है प्रतिबंधित आपको बता दें कि सेक्टर - 1से नंदिनी की ओर जाने के लिए कमर्शियल गाड़ियों के आने जाने के लिए रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज बना हुआ है हैवी कमर्शियल गाड़ियों का आना जाना प्रतिबंधित है बावजूद इसके रेत और फ्लाई ऐश से भरे हाइवा और ट्रक धड़ल्ले से ओवरब्रिज से गुजर रहे हैं एक महीने पहले भी हुआ था हादसा जिस जगह रेत से भरा हाइवा टकराया है वहां ऐसी घटना अक्सर होती रहती है एक महीने पहले भी एक डीसीएम ट्रक छावनी सीएसपी के कार्यालय में बाउंड्री तोड़ते हुए गुस गया था

कांग्रेस और भाजपा गली मोहल्ले और घर-घर पहुंच प्रचार कर रहे

■ अध्यक्ष और पार्षद पैर छूकर आशीर्वाद मांग रहे हैं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 4 फरवरी। मतदान के दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं गरियाबंद की राजनीतिक फिजाओं में चुनावी शोर गूंजने लगा है लगातार दोनों पार्टियों की ओर से कार्यक्रम होने लगे हैं एक बात तो स्पष्ट नजर आ रहा है कांग्रेस पूरी तरह से सड़कों पर छाई नजर आ रही है तो वहीं भाजपा अंदर ही अंदर वार्डों में नजर आ रही है इन सब के चलते इस बार चुनाव काफी दिलचस्प होने की संभावना है। विशेष रूप से एक बात स्पष्ट है कि पालिका अध्यक्ष पद पर प्रमुख रूप से टक्कर देखा जा रहा है जिसमें कांग्रेस और भाजपा दो प्रत्याशी हैं एक निर्दलिय के नामांकन नाम उठा लेने के बाद अब दो ही प्रत्याशी आमने-सामने नजर आ रहे हैं जिससे मुकाबला रोचक हो गया है जहां एक और कांग्रेस से गेंदालाल सिन्हा लगातार आम जनों से मिलकर जगह-जगह बैठक ले रहे हैं तो वहीं भाजपा के रिखी यादव अपने कार्यकर्ता एवं परिचितों के साथ घर-घर पहुंचने में जुटे हुए हैं इसका असर भी देखा जा रहा है ।आज गरियाबंद का एक चक्कर लगाने पर यह स्पष्ट नजर आया कि अगर सड़कों पर वाहनों पर और पोस्टर बैनर में देखा जाए तो कांग्रेस जगह-जगह नजर आ रही है वहीं अगर हम भाजपा की बात करें तो गली मोहल्ले में वोट मांगते घुम रहे हैं खास करके यह देखा जा रहा है कि ।भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी के साथ वार्ड मेंबर भी नजर आ रहे हैं ।वहीं अगर हम कांग्रेस की बात करें तो कांग्रेस अपनी एक सूची समझी रणनीति के तहत दाँव खेल रही है विशेष करके अपनी ताकत उन क्षेत्रों में लग रही है जहां पर वह कमजोर नजर आ रहे हैं ।एक बात तो साफ नजर आया कि भाजपा के उच्च नेता लगातार गरियाबंद का दौरा कर रहे हैं किंतु कांग्रेस में इसकी कमी देखी जा रही है आज कांग्रेस के गरियाबंद जिला के पर्यवेक्षक मनोज किन्दवाई गरियाबंद पहुंचे हुए थे उन्होंने बताया कि असली ताकत चुनाव के 5 दिन पूर्व ही लगाया जाएगा जब आमजन चुनावी मूड में नजर आते हैं अभी हर कोई अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं आगामी दिनों में कांग्रेस के भी बड़े नेता नजर आएंगे और वह चुनाव प्रचार में घर-घर पहुंचेंगे।

आदिवासी समुदायों के उत्थान में गहिरा गुरु के योगदान की मुख्यमंत्री साय ने की सराहना

रायपुर 4 फरवरी। यह हम सभी के लिए अत्यधिक गौरव का विषय है कि हम इस पवित्र स्थल पर एकत्रित होकर परम पूज्य संत गहिरा गुरु जी और माता पूर्णिमा जी के योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि माता पूर्णिमा जी का जीवन पूरी तरह से त्याग, तपस्या और समाज सेवा की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत करता है। उनका विग्रह समाज के कल्याण के प्रति उनके अडिग समर्पण का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज श्रीकोट आश्रम बलरामपुर में परम पूज्य संत गहिरा गुरु की धर्मपत्नी पूर्णिमा जी के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के विशेष अवसर पर यह बात कही।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि संत गहिरा गुरु जी ने गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी समाज की सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने दीन-हीन और असहायों की सेवा को अपना परम धर्म माना और सत्य, शांति, दया और क्षमा के सिद्धांतों को धर्म के अमूल्य स्तंभ के रूप में स्थापित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने संत गहिरा गुरु जी द्वारा आदिवासी समुदायों के उत्थान में दिए गए अतुलनीय योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को इस पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी और उन्हें आह्वान किया कि वे माता पूर्णिमा जी और संत गहिरा गुरु जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारते हुए समाज को एक नई दिशा देने हेतु मनोयोग से जुट जाएं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यहां आने पर मुझे माता के विग्रह के दर्शन सौभाग्य मिला, उनका सजीव और मनोरम विग्रह देखकर ऐसा लगा मानो किस क्षण वह बोल उठे। श्री साय ने गहिरा गुरु जी का स्मरण करते हुए कहा कि गहिरा गुरु जी आदिवासी समाज के बड़े संत हुए, जिनके उपदेशों और कथनों के जरिए पूरे समाज ने सत्य सनातन धर्म का महत्त्व जाना। उन्होंने कहा कि विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास से पिछड़े हुए आदिवासी समुदाय के जीवन में गहिरा गुरु महाराज के उपदेशों से आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सुधार आया। साय ने कहा कि मेरा सौभाग्य रहा कि गहिरा गुरु समाज का आशीर्वाद मुझे मिलता रहा। रायगढ़ के सांसद रहते गहिरा गुरु महाराज के जन्म ग्राम को गोद लेकर उसका विकास करने का सौभाग्य मिला। आज उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज आगे बढ़ रहा है। जगह-जगह संस्कृत महाविद्यालय खुल रहे हैं और आदिवासी समाज लगातार आगे बढ़ रहा है। समारोह में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

योगेश गुरु गोसाई ने जनसैलाब के साथ नामांकन किया जमा

तिल्दा नेवरा 4 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 से योगेश गुरु गोसाई जी का नामांकन विशाल जनसैलाब के साथ जमा किया। विगत 20 वर्षों से तिल्दा जनपद के क्षेत्र क्रमांक 18/19 में लोकतंत्र की हत्या की जा रही थी। लेकिन अब छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार है, जहां दादागिरी और गुंडागर्दी नहीं चलेगी। यह स्वतंत्र भारत है और हर नागरिक को चुनाव लड़ने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। यदि कोई इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास करेगा, तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 से भाजपा अधिकृत लोकप्रिय जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी गुरु सौरभ साहेब जी के नामांकन रैली में शामिल होकर परम् पूज्य पिताश्री राजागुरु, धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब जी के सानिध्य एवं गुरु माता के गरिमामयी उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। आरंग विधानसभा सहित जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 में विकास की गंगा बहाने के लिए हम सब संकल्पित है। इस अवसर पर भाजपा एवं सामाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता साथी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

जयराम राइस मिल के सत्यापन में 380 क्विंटल धान कम मिला, बैंक गारंटी से 9.50 लाख की होगी वसूली

बलौदाबाजार - भाटापारा 4 फरवरी। जिले के कसडोल विकासखंड के ग्राम सुखरी स्थित मेसर्स जयराम राइस मिल में 380 क्विंटल शासकीय धान कम पाए जाने पर कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस गड़बड़ी के एवज में राइस मिल द्वारा जमा की गई 50 लाख रूपए की बैंक गारंटी से 9.50 लाख रूपए की वसूली की जाएगी। कलेक्टर श्री दीपक सोनी द्वारा कस्टम मिलिंग की बकाया राशि का भुगतान भी वसूली पूर्ण होने तक रोके जाने का आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर ने कहा है कि शासकीय धान के भंडारण एवं कस्टम मिलिंग में किसी भी प्रकार की अनियमितता का मामला पाये जाने पर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त राइस मिल की जांच के दौरान स्टॉक पंजी और बी-1 दस्तावेज नहीं पाया गया। न ही राईस मिलर द्वारा मासिक विवरणी प्रस्तुत की गई। भौतिक सत्यापन में 380 क्विंटल धान कम मिला। जांच टीम ने राईस मिलर के इस कृत्य को छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 3 (2,3), 4 (3), 6 (1,3) एवं 12 का स्पष्ट उल्लंघन माना है। कम पाए गए 380 क्विंटल धान का मूल्य 9 लाख 50 हजार रूपए की वसूली छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ बलौदाबाजार-भाटापारा में मिलर द्वारा जमा की गई 50 लाख रूपए की बैंक गारंटी से वसूली जाएगी।

मीडिया कार्यशाला में ईवीएम उपयोग का डेमोस्ट्रेशन कर मतदान प्रक्रिया की दी गई जानकारी

जगदलपुर 4 फरवरी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत मतदान में अधिकाधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में मीडिया कार्यशाला के दौरान ईव्हीएम उपयोग का डेमोस्ट्रेशन कर मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी के बारे में मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत शत-प्रतिशत मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। ईव्हीएम के जरिए मतदान करने के बारे में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने हेतु सहयोग प्रदान कर लोकतंत्र के इस महत्ती कार्य में भूमिका निभाएं। इस कार्यशाला में मास्टर्स ट्रेनर्स श्री जीवन शर्मा और श्री व्हीएस रामकुमार के द्वारा ईव्हीएम में मतदान सम्बन्धी डेमोस्ट्रेशन किया गया और मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। साथ ही उनके शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस मौके पर मीडिया प्रतिनिधियों ने भी डेमो मतदान में हिस्सा लिया और अपने शंकाओं का समाधान किया।

एक नजर

गोपाल विट्ठल बने जीएसएमए बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष

रायपुर 4 फरवरी। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी, गोपाल विट्ठल को

जीएसएमए बोर्ड का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तब हुई जब टेलीफोनिका के चेयरमैन और सीईओ, जोसे मारिया एलवारेस - पैलेट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हाल ही में, गोपाल विट्ठल को दूसरी बार जीएसएमए बोर्ड का डिप्टी चेयर चुना गया था। इससे पहले, वह 2019 - 2020 के दौरान भी बोर्ड के एक महत्वपूर्ण सदस्य रह चुके हैं। उनके पास दूरसंचार क्षेत्र में गहरा अनुभव है और यह नियुक्ति उनकी नेतृत्व क्षमता और विशेषज्ञता को दर्शाती है।

उद्योग विकास को बढ़ावा देने के लिए वन नेशन वन एक्सपो

रायपुर 4 फरवरी। बहुप्रतीक्षित वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025, भारत का सबसे बड़ा बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो, 13 से 16 अप्रैल, 2025 तक प्रतिष्ठित यशोभूमि प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है। 50,000 वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में फैले इस एक्सपो में 150,000 से अधिक घरेलू आगंतुक और 2,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार आएंगे, जिससे वैश्विक सहयोग और व्यापार विकास के लिए एक गतिशील मंच तैयार होगा। नवाचार और उत्कृष्टता का प्रदर्शन वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 के ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड आइकन सुनील शेट्टी इस उल्लेखनीय पहल को अपना समर्थन दे रहे हैं, और उद्योग के लिए इसके महत्व पर जोर दे रहे हैं। वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 में 600 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे, जिनमें से प्रत्येक भवन निर्माण सामग्री में अत्याधुनिक नवाचारों को सामने लाएगा।

तिल्दा नेवरा में मोबाइल चोरी की घटना बढ़ी

तिल्दा नेवरा 4 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर में लंबे समय से मोबाइल चोरी की घटना साप्ताहिक बाजार में हर बुधवार ओर रविवार को होती है इसके अलावा पॉकेट मारी की घटना निरंतर हो रही है बताया जाता है कि एक रैकेट मोबाइल चोरी का तिल्दा में सक्रिय है जिसने कुछ नाबालिक बच्चे भी है जो मोबाइल। चोरी की घटना को अंजाम देने में लगे है बाजार हाट में पुलिस की व्यस्था कोई खास नहीं होने से गरीब ग्रामीणों की मोबाइल जेब से सब्जी खरीदी के वक्त खड़े खड़े गायब कर जा ती है इस रैकेट में दो दर्जन से अधिक लोग सक्रिय है गांव से आने वाले ग्रामीणों को सब्जी खरीदी के लिए हाट बाजार आना होता ओर ग्रामीण इस पॉकेट मारी के शिकार हो जाते है।

सिलेंडर से भरा ट्रक पलटा, चालक की मौत

धमतरी 4 फरवरी। रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगतरा मंदिर के पास खाली सिलेंडर से भरे ट्रक के सामने अचानक बाइक चालक के आ जाने के कारण उसे बचाते ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर को टक्कर मारकर पलट गई जिससे ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। दुर्घटनाग्रस्त के बाद ट्रक में भरे गैस सिलेंडरहाईवे में बिखर गए, गनीमत यह रही कि सभी सिलेंडर खाली थे नहीं तो बड़ी दुर्घटना घट सकती थी।

पूरे प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में है माहौल: दीपक बैज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा 4 फरवरी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज नगरपालिका चुनाव मे कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सतीश अग्रवाल सहित सभी 31 वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशियों के पक्ष मे प्रचार करने व विजयी बनाने की अपील करने भाटापारा पहुंचे इस दौरान वे विभिन्न सामाजिक संगठन ,व्यापारी संगठनों से भेट कर कांग्रेस पार्टी के लिए सहयोग मांगा वहीं कांग्रेस भवन मे पत्रकारों से चर्चा करते हुए

कहा कि नगरीय निकाय सहित पंचायत चुनाव में कांग्रेस के पक्ष मे माहौल है नगरपालिका चुनाव मे अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सतीश अग्रवाल को सीधा साधा सरल व स्वच्छ ईमानदार छवि का बताया और कहा कि इनके जीतने के बाद नगर विकास के काम सहित आमजनमानस का काम सहजता से होगा वहीं भाजपा ने अपने इस एक वर्ष के कार्यकाल में कोई ऐसा विकास कार्य नहीं किए जिसके दम पर वो जनता के बीच जा सके।

बैज ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर बीजेपी पर तीखा हमला बोला और कांग्रेस पार्टी की जीत का पूरा विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं में हार का डर भय साफ दिखाई दे रहा है और वे अब जनता को भ्रमित करने के लिए झूठ फैलाने की कोशिश कर रहे हैं ,प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी लोगों को नही मिल पा रहा है भाजपा के विकास का कोई एजेंडा नही है , वहीं पूरे प्रदेश में कही भी महतारी वंदन योजना का फार्म नहीं भराया जा रहा है,लेकिन यहां पर आज भाजपा एजेंट के लोगों को ऐसा करते हमारे कांग्रेस के लोगों ने पकड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव में यहां भाजपा की हार हुई अब न.पा. चुनाव मे भी भाजपा की हार की तैयारी है ।उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी सतीश अग्रवाल को सीधा सरल बताते हुए कहा कि सतीश अग्रवाल की जीत की बात भाटापारा में ही नहीं रायपुर,भिलाई बलोदा बाजार में भी होने लगी है।

इसके पूर्व कांग्रेस भवन के सामने श्री बैज ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शहर में भय आतंक की राजनीति समाप्त करने का समय आ गया है,पूरा हाथी निकल गया,अब सिर्फ पूछ बाकी है। उन्होंने

कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले एक साल में प्रदेश में कोई उल्लेखनीय काम नहीं किया है। ÷बीजेपी के पास जनता के लिए कुछ भी नहीं है, वे सिर्फ जनता को ठगने और भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। उपस्थित लोगों से आगे श्री बेज ने कहा कि महतारी वंदन योजना को भाजपा इस चुनाव के बाद सिमटने जा रही है। लेकिन यहां के प्रत्याशी और विधायक दोनो मिलकर इस योजना से लाभ ले रही महिलाओं के साथ खड़े रहेंगे और योजना के लाभ से वंचित नहीं होने देंगे।कांग्रेस पार्टी अपने उम्मीदवारों के माध्यम से शहर के विकास को तेज़ी से आगे बढ़ाएगी और जनता को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।पूरे प्रदेश में सबसे बड़ी नगर पालिका भाटापारा में÷कांग्रेस इस बार बड़ी जीत हासिल करेगी और नगर पालिकाओं में सुधार करके नागरिकों की सेवा करेगी। हम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे और उनके लिए हर संभव काम करेंगे।÷ कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जनता के हितों को प्राथमिकता दी है और इस बार भी पार्टी जनता के विश्वास को बनाए रखते हुए उनका साथ देगी। सभा को विधायक इंद्र साव,पार्टी अध्यक्ष प्रत्याशी सतीश अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का अध्यक्ष बनने के बाद नगर विकास मे कोई कमी नही आने देंगें व आम जनता के काम सरलता और शीघ्रता से कराये जायेंगे सतीश अग्रवाल ने सभी से सहयोग व आशीर्वाद मांगा कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने किया इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी,पूर्व पार्षद अजीत बाजपेयी, ब्लाक महामंत्री प्रशांत गांधी,पूर्व मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा ,पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा व विशेष रूप से चन्द्रपुर के विधायक रामकुमार यादव सहित बडी संख्या मे कांग्रेस जन मौजूद रहे।

16 लाख के ईनामी अबूझमाड़ हाफ मैराथन का आयोजन 2 मार्च को,ऑनलाइन पंजीयन शुरू

नारायणपुर 4 फरवरी। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में इस वर्ष में भी अबूझमाड़ हाफ मैराथन के चौथे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। देश-विदेश में अबूझमाड़ की अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्यता को उजागर करने और खेलों के प्रति युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में अबूझमाड़ हॉफ मैराथन का आयोजन 2 मार्च को बालक हाई स्कूल ग्राउण्ड नारायणपुर से किया जाएगा। जिला नारायणपुर में अबूझमाड़ हॉफ मैराथन 21 किलो मीटर दौड़ में भाग लेने हेतु प्रतिभागी "runabhujmad. in" पर ऑनलाईन पंजीयन कर सकते है, ऑनलाईन पंजीयन शुरू हो गया है। नारायणपुर वासी का पंजीकरण शुल्क निःशुल्क है तथा नारायणपुर से बाहर के प्रतिभागियों के लिए पंजीयन शुल्क 299 रूपये होगा। इस मैराथन में कुल 16 लाख का ईनामी राशि का वितरण किया जायेगा।

इस विख्यात मैराथन में देश-विदेश के धावक भी भाग लेते हैं। मैराथन के साथ- साथ भोजन, प्रदर्शनीय, सांस्कृतिक उत्सव इत्यादि की भी योजना बनाई जा रही है। अबूझमाड़ हॉफ मैराथन दौड़ में देश-विदेश एवं अन्य राज्यों सें प्रतिभागी आयेंगे जो बस्तर वासियों तथा देश-विदेश से आने वाले धावकों को दिये जाने वाली पुरस्कार राशि में समानता रखी जायेगी। ईनाम राशियों में किसी प्रकार से कोई भिन्नता नहीं होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले धावकों को टी-शर्ट, मेडल दिया जायेगा तथा बाहर से आये धावकों के रूकने की वैकल्पित सुविधा सहित जलपान व भोजन की उचित व्यवस्था किया जायेगा जिस संबंध में पृथक से सूचना दी जायेगी। अबूझमाड़ मैराथन दौड़ 21 किमी की एक हॉफ मैराथन है जो छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित आदिवासी क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है जिसमें देश विदेश राज्य व स्थानीय लोगों को मैराथन दौड़ के लिए प्रेरित करना यह आयोजन बस्तर क्षेत्र का सबसे बढ़ा खेल आयोजन है।

नक्सलियों को अवैध हथियार व विस्फोटक की आपूर्ति करने वाले 4 गिरफ्तार

दंतेवाड़ा 4 फरवरी। पुलिस ने नक्सलियों के लिए अवैध हथियार और विस्फोटक सामग्री की आपूर्ति में शामिल 4 आरोपियों मदन मण्डावी, अनुज सिंह, विनोद कश्यप और गोपाल कश्यप को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 30 नग 315 बोर के राउंड, 20 नग 12 बोर के राउंड और 30 नग डेटोनेटर बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने नक्सलियों को अन्य राज्यों से बड़ी मात्रा में अवैध हथियार, गोलाबारूद और विस्फोटक सामग्री सप्लाई करने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार सभी 4 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही उपरांत आज विशेष न्यायालय में न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया है। पुलिस ओ मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मदन मण्डावी ने बताया कि वह पिछले 5-6 वर्षों से नक्सलियों के संपर्क में था, और उन्हें अवैध हथियार और विस्फोटक सामग्री सप्लाई करता था.। अन्य आरोपियों ने भी नक्सलियों के लिए हथियार और विस्फोटक सामग्री सप्लाई करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से बरामद हथियार और विस्फोटक सामग्री का उपयोग नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों और आम जनता के खिलाफ किया जा सकता था।

36 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025

बस्तर पुलिस ने 225 लोगों को हेलमेट प्रदान कर किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 4 फरवरी। बस्तर जिले की पुलिस के द्वारा 36 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान जिला बस्तर पुलिस द्वारा आम जनता को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे में लोगों को जागरूक करने कई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग के पर्यवेक्षण में आज सोमवार को गुड सेमेरिटन (सड़क दुर्घटना के घायलों को मदद करने वाले) कुल 111, उत्कृष्ट प्रतिभागी छात्र-छात्राएं जिन्होने यातायात जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये कुल 63 छात्र-छात्राओं, सड़क सुरक्षा मितान कुल 18, यातायात जागरूकता कार्यक्रम के दरम्यान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 10 तथा सड़क पर चलते हुए हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले कुल 23 लोगों को इस तरह से कुल 225 लोगों को कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि बस्तर संभाग कमिश्नर डोमन सिंह, बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर बस्तर हरीश एस, पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा द्वारा निःशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया।

हेलमेट वितरण का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ दोपहिया वाहन चलाते समय आम जनता को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित एवं प्रेरित करना। ताकि सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाले मौतों से लोगों की जान बचाई जा सके। यातायात जागरूकता के दरम्यान सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों के संबंध में स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने यातायात से संबंधित प्रतियोगिता-निबंध, भाषण, रंगोली, वाद-विवाद, क्विज, ड्रॉईंग एण्ड पेंटिंग, स्लोगन में सम्मिलित हुए थे। जिसमें उत्कृष्ट प्रतिभागी रहे छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र के साथ निःशुल्क हेलमेट देने का उद्देष्य बच्चों में यातायात के प्रति जागरूक करना और आने वाले समय में अधिक से अधिक स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं ऐसे प्रतियोगिता में सम्मिलित होने आकर्षण हेतु प्रोत्साहित करना।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

क्रमांक/ /तह./वा./25
सिमगा, दिनांक 24/01/2025
रा.प्र.क्र. ...../ब-121/2025
ग्राम - हरिनभट्ठा प.ह.नं. 43

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक गोपचंद माहेश्वरी पिता जमादार जाति सतनामी निवासी ग्राम हरिनभट्ठा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक की बहन मुगेशिया पिता जमादार का (मृत्यु) दिनांक 11/04/2012 को ग्राम हरिनभट्ठा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 13/02/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 24/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सिमगा
मुहर

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

क्रमांक / / तह./वा./25
सिमगा, दिनांक 24/01/2025
रा.प्र.क्र. ...../ब-121/2024
ग्राम- हरिनभट्ठा प.ह.नं. 43

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक गोपचंद माहेश्वरी पिता जमादार जाति सतनामी निवासी ग्राम हरिनभट्ठा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक माता पिलाबाई पति जमादार का (मृत्यु) दिनांक 09/07/2000 को ग्राम हरिनभट्ठा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 13/03/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 24/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सिमगा
मुहर

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412092200007

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2024-2025
भंडारपुर प.ह.न. 00030 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार- चन्द्रबली,
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रबली आ. भादु जाति कंवर सा. भंडारपुर तहसील डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र सुयश कुमार आ. चन्द्रबली का जन्म दिनांक 01.11.2009 को स्थान भंडारपुर में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.02.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/01/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
डोंगरगढ़
मुहर

नाम परिवर्तन

मैं डालेश्वर कुमार उम्र 37 वर्ष पिता श्री जागेश्वर प्रसाद निवासी नयापारा उतई वार्ड क्रमांक 13 दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं। मेरा नाम व पता उपरोक्त अनुसार है।

मेरे पुत्र का जन्म 13/2/2019 नगर पंचायत उतई अंतर्गत आस्था हास्पिटल में हुआ था। जिसकी पंजीयन संख्या 2019-08-002550 पंजीकरण की तिथि 25/02/2019 का है जिसमें पिता का नाम डालेश्वर साहू दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है।

यह कि मेरे पुत्र के समस्त अभिलेखों में पिता का नाम डालेश्वर कुमार दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है तथा जिनके आधार पर उक्त जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज पिता के नाम डालेश्वर साहू को सुधार कर सही नाम डालेश्वर कुमार दर्ज करवाते हुए द्वितीय प्रति जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता हूं जिसके लिए जो भी नियम व शर्तें होगा मैं उसका पालन करने के लिए तैयार हूं जिसके समर्थन में यह शपथपत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय जी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
डालेश्वर कुमार
मुहर

एक नजर

युवक के खाते से 50 हजार पार

रायपुर, 4 फरवरी। अज्ञात मोबाइल के धारक ने युवक के खाते से 50 हजार रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सास्वत सुराना 32 वर्ष आनंदम वर्ड सिटी कचना खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि उसकी साली प्रियंका जैन ने फेसबुक के माध्यम से ऑनलाइन सामान का आर्डर किया था। जिससे सामान गलत आने पर वापस करने के लिए ऑनलाइन प्रोसेस किया तो 70427-70427 से कॉल आया और लिंक भेजा जिसे क्लिक करने पर युवक के एसबीआई बैंक के खाते से 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

शादी समारोह से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर, 4 फरवरी। रायपुरा स्थित पुष्प वाटिका भवन में शादी समारोह के दौरान अज्ञात चोर ने नकदी सहित हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया शकुंतला शिववंकर 63 वर्ष कणवेश्वर जिला नागपुर की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि रायपुरा स्थित पुष्प वाटिका में शादी समारोह था, जहां अज्ञात चोर ने कमरे में प्रवेश कर नकदी 2 हजार सहित साड़ी, घड़ी, सोने का मंगलसूत्र पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक ने स्कूटी सवार दो युवकों को रौंदा

रायपुर, 4 फरवरी। ग्राम टाड़ा स्थित बिंदेश्वर कंपनी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार दो युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार सूर्या नगर गोगांव निवासी मृतक गणेश साहू 22 वर्ष अपने दोस्त राकेश साहू 27 वर्ष के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एनएम 8576 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम टाड़ा मोहंदी स्थित बिंदेश्वर कंपनी के पास ट्रक क्रमांक सीजी 10 एके 9621 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

माजदा की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

रायपुर, 4 फरवरी। ग्राम सिनोधा के पास माजदा वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं उसके पति व पुत्री गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार भाठापारा निवासी रमेश साहू अपनी पत्नी उषा साहू 30 वर्ष और पुत्री पुजा साहू के साथ बाइक क्रमांक सीजी 22 एबी 1146 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम सिनोधा के पास माजदा क्रमांक सीजी 04 एनवी 7183 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया।

छत्तीसगढ़ में तेजी से बदल रहा मौसम का मिजाज

रायपुर, 4 फरवरी । छत्तीसगढ़ में आज मौसम शुष्क बना हुआ है. पिछले कुछ दिनों में सूरज चढ़ने के बाद गर्मी तो दिन ढलने के बाद हल्की ठंड महसूस हो रही है. एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है. दो दिनों के बाद तापमान में गिरावट की संभावना है. सोमवार 3 फरवरी को प्रदेश में दंतेवाड़ा सबसे गर्म रहा. जहां 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी अफगानिस्तान और ईरान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 9.4 किलोमीटर ऊंचाई पर एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है. सके प्रभाव से प्रदेश में पूर्वी से हवा आ रही है जिसके कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है हालांकि गिरावट संभावित है. प्रदेश में 4 फरवरी से न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है. जिसके बाद 6 और 7 फरवरी को न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना बन रही है. इस अवधि में प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। राजधानी रायपुर में आज आकाश मुख्यतः साफ़ रहने की संभावना है. मौसम विभाग के मुताबिक, आज रायपुर में अधिकतम 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

निधन

आनंद कुमार शर्मा

रायपुर। आनंद कुमार शर्मा (बाराडेरा वाले), वरिष्ठ अधिवक्ता एवं महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास रायपुर के अध्यक्ष का आज सुबह देहावसान हो गया है.उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान - बी-15, लोकमान्य सोसाइटी, गोल चौक, डी डी नगर रायपुर से महादेवघाट मुक्तिधाम के लिए निकली। वे रायपुर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भी रहे हैं।

15 फरवरी को सभी विभागों को चेकबुक जमा करने जारी होगा फरमान

ठेकेदार पेमेंट लेने बना रहे राजनीतिक दबाव

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 4 फरवरी। अंतिम वित्तीय माह मार्च को देखते हुए अब सभी शासकीय कार्यालयों में भुगतान पर रोक लगा दी जाएगी। वित्त विभाग द्वारा 15 फरवरी को इस आशय का आदेश जारी कर दिया जाएगा। जिसके अनुसार लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायत सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को अपना चेकबुक ट्रेजरी में जमा करना होगा।

अंतिम वित्तीय माह मार्च में सभी शासकीय कार्यालयों में कामकाज में तेजी आ जाती है। इसका मुख्य कारण शासकीय निर्माण एवं खर्च के लिए जो राशि आबंटित की जाती है। उसका व्यय संधारण किया जाता है। प्रत्येक कार्यालय में वाहन, निर्माण, फर्नीचर, शासकीय कार्यालयों में रंग-रोगन एवं अन्य कार्यों के लिए आबंटित राशि का उपयोग करने की सीमा मार्च माह में तय रहती है। वित्त विभाग के अनुसार 15 फरवरी तक सभी राशि का खर्च अथवा ब्यौरा कोषालय में देना होता है। जो भी निर्माण कार्य जिले में चल रहे हैं उसके भुगतान का आहरण भी मार्च माह के पहले किया जाएगा। इसके लिए सभी अपना-अपना बिल जमा कर रहे हैं। ये बिल करोड़ों रुपयों में होते हैं। प्रत्येक जिले के कोषालयों में इस समय बिल जमा होने शुरू हो गए हैं।

चेकबुक जमा करने का आदेश

सिंचाई, लोक निर्माण, पंचायत तथा अन्य विभागों में बड़े भुगतान के लिए चेक से राशि दी जाती है। इसलिए चेकबुक भी 15 फरवरी के पश्चात जमा कराना होगा। वित्त विभाग के अनुसार शासन का निर्देश है कि प्रत्येक विभाग को जितना बजट प्राप्त होता है उस मद की राशि अलग-अलग किश्तों में अलग-अलग महीनों में खर्च करना चाहिए लेकिन विभाग के अधिकारी इसका पालन नहीं करते जिसके चलते अंतिम वित्तीय माह में राशि निकालने में काफी परेशानी होती है। राज्य में सिंचाई, लोक निर्माण, पंचायत विभाग द्वारा बड़े निर्माण कराये जाते हैं। इसके लिए विभागीय ठेकेदार अपना-अपना पेमेंट लेने के लिए चक्कर काट रहे हैं। इस समय नगर निगम में निर्वाचित जनप्रतिनिधि सभा नहीं है इसलिए अधिकारियों की पौबारह है। विभागीय ठेकेदार जोन कमिश्नर के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्यों के भुगतान के लिए राजनीतिक दबाव बना रहे हैं। उच्च शिक्षा में सभी नए विश्वविद्यालयों में भवन निर्माण की एक बड़ी राशि है जिसका खर्च नहीं हो पाता। अंततः वित्तीय सचिव के माध्यम से इसे अनुमोदन दिलाया जाता है।

वित्त विभाग का नया बजट तैयार

वित्त विभाग के अनुसार वर्ष 2025-26 का बजट तैयार हो गया है। इसके लिए सभी प्रावधान कर दिए गए हैं। नया बजट डेढ़ लाख करोड़ का होगा। पिछले वर्ष का बजट सवा लाख करोड़ का था।

रायपुर। भाजपा की महापौर प्रत्याशी श्रीमती मीनल चौबे वार्डों में सघन जनसंपर्क कर रही है।

मरीजों के खून जांच के लिए अम्बेडकर अस्पताल में नई व्यवस्था शुरू

रायपुर, 4 फरवरी । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीज के परिजनों को खून की जांच कराने के लिए सैंपल लेकर पैथोलॉजी लैब नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल में भर्ती अंतः रोगी मरीजों के लिए प्रबंधन ने बड़ा फैसला लिया है। अब वार्ड में भर्ती सभी मरीजों के पैथोलॉजिकल जांच के लिए उनका ब्लड सैंपल वार्ड में एकत्रित कर वार्ड बॉय द्वारा पैथोलैब तक पहुंचाया जाएगा और जांच पश्चात् ब्लड रिपोर्ट एकत्रित करके उसे संबंधित वार्ड में ऑन ड्यूटी नर्स को दिया जाएगा। अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि, प्रारंभिक तौर पर मेडिसिन मेल वार्ड क्र. 8 एवं 9 तथा मेडिसिन फीमेल वार्ड क्रं. 10 एवं 11 में भर्ती मरीजों के लिए यह व्यवस्था शुरू की गई है। धीरे-धीरे सभी वार्डों में सैंपल कलेक्शन सिस्टम की यह व्यवस्था लागू हो जाने के बाद मरीजों को सबसे बड़ी राहत मिलेगी और उनके अटेंडर को भी जांच के लिए ब्लड सैंपल को लेकर पैथोलॉजी लैब तक नहीं जाना पड़ेगा।

आज से महाकुंभ के लिए स्पेशल ट्रेन

रायपुर, 4 फरवरी । छत्तीसगढ़ से प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में जाने की सोच रहे लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। छत्तीसगढ़ से प्रयागराज के बीच एक स्पेशल ट्रेन की शुरुआत की जा रही है। भारतीय रेलवे ने इस ट्रेन को चलाने की मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन 4 फरवरी से अपनी यात्रा शुरू करेगी। विशाखापत्तनम, बिलासपुर होते हुए गोरखपुर जाएगी और फिर प्रयागराज तक पहुंचेगी, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में सहूलियत होगी।

इस स्पेशल ट्रेन का नाम 'विशाखापत्तनम - गोरखपुर महाकुंभ' रखा गया है। यह ट्रेन खासतौर पर उन श्रद्धालुओं के लिए चलाई जा रही है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, इस विशेष ट्रेन के संचालन से महाकुंभ में शामिल होने के लिए यात्रियों की संख्या में भी इजाफा होने की संभावना है। प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह स्पेशल ट्रेन एक बड़ी राहत लेकर आएगी, क्योंकि इससे उन्हें यात्रा के दौरान विशेष ध्यान और सहूलियत मिलेगी। खासकर, दक्षिणी और मध्य भारत से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह ट्रेन एक सुविधाजनक विकल्प साबित होगी, जो सीधे गोरखपुर होते हुए प्रयागराज पहुंचने में मदद करेगी।

ग्रामीण सरकार बनाने के लिए नामांकन पत्रों की छंटाई का कार्य पूर्ण

पंचायत चुनाव राजनीति की पहली सीढ़ी

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 4 फरवरी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराया जा रहा है। सभी प्रत्याशियों ने अलग-अलग पदों के लिए नामांकन भर दिया है। आज उनकी छंटाई कर दी गई है। नाम वापसी के पश्चात स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अलग-अलग नोडल एजेंसी बनाई गई है। पंचायत विभाग के सीईओ पंचायत चुनाव करा रहे हैं। रायपुर जिला जनपद सदस्य के लिए अलग-अलग क्षेत्रों से नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। पूर्व में सभापति रह चुके राजू शर्मा ने क्षेत्र क्रमांक 5 से अपना नामांकन दाखिल किया है। इनके विरुद्ध कांग्रेस के सुरेंद्र वर्मा तथा अन्य पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान है। क्षेत्र क्रमांक 2 से टेकारी की पूर्व सरपंच एवं जिला जनपद अध्यक्ष डोमेश्वरी साहू किस्मत आजमा रहीं हैं। जिला जनपद सदस्य के कुल 16 पद हैं। अलग-अलग क्षेत्रों से महिला संवर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं।

राजू शर्मा के अनुसार 5, 6, 7 फरवरी के बाद चुनाव प्रचार में तेजी आ जाएगी। कई ग्रामीण क्षेत्रों में पंच-सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। पंचायत चुनाव गैरदलीय आधार पर लड़ा जाता है लेकिन यह पहली बार है कि कांग्रेस और भाजपा भी अपने प्रत्याशी प्रत्यक्ष रूप से चुनाव मैदान में उतार रही है। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में राजनीतिक माहौल बनता जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय बढ़ती आबादी को देखते हुए नगर पंचायत एवं पालिका भी बनाए गए हैं। रायपुर जिले में मंदिर हसौद, समोदा, चंदखुरी तथा रायपुर जिले से लगे अमलेश्वर को भी पालिका बना दिया गया है जिसके कारण यहां पर जमीन दलाल व ठेकेदार चुनाव लड़ने के लिए सक्रिय हो गए हैं।

राजेन्द्र डागा लगाएंगे वार्ड की समस्याओं पर झाड़ू

रायपुर 4 फरवरी। स्वामी विवेकानंद वार्ड सदर बाजार से पार्षद पद के लिए आम आदमी पार्टी (आप) प्रत्याशी राजेन्द्र डागा ने वार्ड की राजनीतिक तस्वीर ही बदल दी है। डागा को वार्ड में व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। यही कारण है कि उनके लिए इस वार्ड की जनता स्वस्फूर्त होकर प्रचार कर रही है। नगर निगम के पूर्व सभापति स्व. रतन डागा के छोटे भाई राजेन्द्र को नगर निगम की कार्यशैली का अच्छा अनुभव है। वे कहते हैं कि चुनाव जीतने के बाद सदर बाजार वार्ड के चेहरे को बदलकर इसे स्मार्ट वार्ड बनाया जाएगा। स्वामी विवेकानंद के आदर्श इस वार्ड में नजर आएंगे। झाड़ू छाप पर चुनाव मैदान पर उतरे डागा का कहना है कि वार्ड की

जनता को मूलभूत सुविधाएं, पानी, नाली, बिजली व सफाई की सुविधा उपलब्ध कराना पार्षद का तो कर्तव्य ही है, इसके अलावा वे मोहल्ला क्लिनिक, सुलभ शौचालय निर्माणस, खेल मैदान, शिकायतो व समस्याओं का त्वरित समाधान, चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाना, पौधारोरण, स्मार्ट स्कूल, प्रमाण पत्रों का घर-घर वितरण जैसे कार्य किए जाएंगे। राजेन्द्र डागा कहते हैं कि अपना वोट किसी भी कीमत पर न बेचें। डागा बेहद मिलनसार, सौम्य व लोकप्रिय हैं। वे समाजसेवी भी हैं।

संस्थापक एओ ह्यूम को घोषणा पत्र समर्पित करे कांग्रेसः झा

रायपुर 4 फरवरी। नगरीय निकाय चुनाव में फिलहाल तमाम राजनीतिक दलों का फोकस घोषणा पत्र पर है. राजनीतिक दल के छोटे-बड़े तमाम नेता बयान तो दे ही रहे हैं, अब इस जंग में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा भी कूद गए हैं. उन्होंने अटल बिहारी के नाम पर कसे गए तंज पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को चुनौती दी कि वे अपने घोषणा पत्र संस्थापक एओ ह्यूम को समर्पित करना चाहिए.

पंकज कुमार झा ने सोशल मीडिया एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि कांग्रेस ने 'अटल विश्वास पत्र' में अटलजी के नाम पर सवाल उठाया है. यह उनकी खिसियाहट के अलावा और कुछ नहीं है. भाजपा को अपने संस्थापक अध्यक्ष भारत रत्न अटलजी पर गर्व है. अटलजी छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भी हैं. उनके शताब्दी वर्ष पर स्वाभाविक ही घोषणा पत्र उन्हें समर्पित किया गया है. कांग्रेस के पास आज अगर ऐसे

किसी चेहरे का अकाल है, तो वह क्या नाम रखेगी भला?

इसके साथ ही वे कांग्रेस को सुझाव देते हैं कि कांग्रेस को भी अपने घोषणा पत्र का नाम अपने संस्थापक एलन ऑक्टावियो ह्यूम को समर्पित करना चाहिए. कांग्रेस अपने इतिहास के दो ओक्टावियो (ह्यूम और क्वात्रोकी) को हमेशा भूल जाती है. यह अच्छी बात नहीं! कांग्रेस ने 2019 के निकाय चुनाव में भी घोषणा पत्र जारी किया था. सारे निकायों पर कब्जा करने के बावजूद उन घोषणाओं को क्यों कचरे के डब्बे में डाल दिया, यह भी उसे बताना चाहिए।

राजधानी में दो ट्रकों के बीच जबरदस्त भिड़ंत कवर्धा में मटर से भरे ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर

रायपुर 4 फरवरी। छत्तीसगढ़ में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर सड़क हादसे हुए हैं. जहां दो ट्रकों के बीच से भिड़ंत हो गई. वहीं मटर से भरा तेज रफ्तार ट्रक की ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर हुई है. ये हादसे रायपुर और कवर्धा जिले में हुए हैं.

राजधानी रायपुर के खमतराई थाना क्षेत्र में आज सुबह दो ट्रकों के बीच भिड़ंत हो गई. सिलेंडर से लोडेड ट्रक ने मालवाहक ट्रक को नेशनल हाइवे पर टक्कर मार दी. घटना गोंदवारा जिओ पेट्रोल पंप के सामने रिंग रोड नंबर 2 पर हुई है. हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग पहुंच गए. घटना की सूचना पर पुलिस

घटनास्थल पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक,भनपुरी से मालवाहक ट्रक तेज रफ्तार में आ रहा था. वहीं सिलेंडर से भरा दूसरा ट्रक गोंदवारा की ओर से रिंग रोड पार कर रहा था. इसी बीच दोनों ट्रकों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई. राहत की बात रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुई. पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी है. कवर्धा जिले में रफ्तार का कहर देखने को मिला है. एक तेज रफ्तार ट्रक की ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर हुई है. हादसा इतना भीषण था कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए. ट्रक का चालक दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गया है, जिसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है.

जानकारी के अनुसार, , जबलपुर से मटर भरकर ट्रक रायपुर की ओर जा रहा था. इस दौरान रायपुर जबलपुर नेशनल हाइवे 30 पर ट्रक ने गन्ने से लदे ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी. ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. हादसा पौड़ी बायपास के हुआ है. पौड़ी चौकी पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

ई चालान कटते ही पांच मिनट में आएगा मैसेज, 10 मिनट में ऑनलाइन भुगतान

रायपुर, 4 फरवरी । ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की मुसीबत शुरू हो गई है। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर वाहन चालकों को उनकी लापरवाही की सजा देने रविवार से नई व्यवस्था शुरू की गई है। अब ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले चालकों को पांच मिनट के भीतर ई-चालान भेजा जाएगा। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफराजधानी में रोजाना एक हजार से ज्यादा ई-चालान काटे जाते हैं। जिन वाहन चालकों के ई-चालान काटे जाते हैं, उन्हें चालान होने की जानकारी आठ से दस दिन बाद मिलती है।

मुख्यमंत्री साय 10 नगर निगमों में रोड शो करेंगे

रायपुर, 4 फरवरी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नगर निगम चुनाव के रण में उतरेंगे। इस दौरान सीएम साय 10 नगर निगमों में रोड शो करेंगे। इसका आगाज 5 फरवरी को कोरबा और रायगढ़ से होगा। इसके लिए 6 फरवरी को राजनांदगांव और चिरमिरी, 7 फरवरी को अंबिकापुर और बिलासपुर, 8 फरवरी को दुर्ग और जगदलपुर में रोड शो करेंगे। साथ ही प्रचार प्रसार थमने के अंतिम दिन 9 फरवरी को रायपुर और धमतरी में रोड शो करेंगे। भाजपा सभी 10 निगमों में फोकस कर रही है। इसके लिए पार्टी के प्रचार- प्रसार का जिम्मा मंत्रियों, सांसद, विधायकों के साथ स्थानीय नेताओं को भी दी गई है।

कार्यकर्ता सम्मलेन से शंखनाद

वहीं भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए कुरूद में कार्यकर्ता सम्मेलन कर शंखनाद किया। इस दौरान कुरूद नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों के भाजपा पार्षद प्रत्याशी अपने- अपने वार्डों से रैली निकालकर पुरानी मंडी पहुंचे। जहां पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने सभा को संबोधित किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ज्योति चंद्राकर सहित सभी पार्षद प्रत्याशियों ने जनता का आशीर्वाद मांगा।

बिना सर्जरी मरीज को लगाया एवीईआईआर लीडलेस पेसमेकर

रायपुर 4 फरवरी। बिलासपुर के अपोलो हॉस्पिटल में एक मरीज के दिल में एवीईआईआर नामक पेसमेकर का इम्प्लांट किया गया। सबसे खास बात यह है कि इस प्रक्रिया के लिए न तो सर्जरी की जरूरत पड़ी और न ही शरीर पर किसी तरह का चीरा लगाया गया। लीडलैस पेसमेकर पारंपरिक पेसमेकर से अधिक छोटा और सुरक्षित है। इस पेसमेकर की बैटरी की लाइफ लगभग 20 साल होती है और इसमें संक्रमण का खतरा नहीं होता। यह लीडलैस पेसमेकर, बैटरी से भी छोटा है, पारंपरिक पेसमेकर में छाती पर चीरा लगाना पड़ता है और त्वचा के नीचे बड़े डिवाइस को फिट करना होता है।

हालांकि, लीडलैस पेसमेकर में इन परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। इस तकनीक के जरिए मरीज का दिल सामान्य तरीके से धड़कता है। इसके

अलावा, इसकी बैटरी की लाइफ भी पारंपरिक पेसमेकर से जयादा होता है और बैटरी ख़त्म होने के बाद इसे आसानी से बदला भी जा सकता है जो इसे बेहद प्रभावी बनाती है। अपोलो हॉस्पिटल के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. एम.पी.सामल ने बताया 'पेसमेकर उन मरीजों के लिए होता है जिनके दिल की गति धीमी हो जाती है। पारंपरिक पेसमेकर तार वाले होते हैं, जिनमें एक या दो तार हो सकते हैं लेकिन यह नया पेसमेकर तार रहित है, जिसे हम लीडलेस पेसमेकरकहते हैं।

डॉ. सामल ने बताया यह पेसमेकर लगाने से मरीज के जीवन में काफी बदलाव आता है। सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें ऑपरेशन का कोई निशान (सर्जिकल स्कार) नहीं होता। इसके अलावा, इस पेसमेकर को बीच में अपग्रेड भी किया जा सकता है, अगर आवश्यकता हो। इस तरह का तार रहित पेसमेकर, जिसे लीडलेस पेसमेकर कहा जाता है, मरीजों के लिए कई फायदे लेकर आता है, ।

लीडलेस पेसमेकर के इम्प्लांटेशन के कुछ ही घंटों के भीतर मरीज चलने-फिरने लगा, जिससे यह तकनीक दिल के मरीजों के लिए एक बड़ा गेमचेंजर साबित हो सकती है। पारंपरिक पेसमेकर की तुलना में लीडलैस पेसमेकर अधिक सुरक्षित, प्रभावी और कम जटिलताओं वाला है। यह खासतौर पर उन मरीजों के लिए फायदेमंद है, जिन्हें संक्रमण का खतरा अधिक रहता है। डॉक्टरों का मानना है कि यह पेसमेकर हार्ट के मरीजों के लिए एक नई क्रांति साबित होगा और आने वाले समय में इसका उपयोग तेजी से बढ़ेगा।

भाजपा का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदाः बैज

रायपुर 4 फरवरी। नगरीय निकाय चुनाव में अब घोषणा पत्र को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी बयानबाजी शुरू हो चुकी है. एक तरफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया है, वहीं दूसरी ओर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस घोषणा पत्र के जारी होने से पहले ही तंज कस दिया कि यह धूल झोंकने वाला होगा. यह भी पढ़ें - प्रचार बंद कर दो नहीं तो गोली मार दूंगाज,विधायक पर धमकी देने का आरोप, निर्दलीय प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं ने थाने में की शिकायत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा के घोषणा पत्र ढकोसला

और झूठ का पुलिंदा करार देते हुए कहा कि भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव में जनता को ठगने की रणनीति निकाली है. अटल जी जब तक थे, तब उनमें विश्वास नहीं किए. इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि मोदी गारंटी का क्या हुआ. क्या मोदी गारंटी पर भरोसा नहीं है. मोदी जी को भाजपा ने मार्गदर्शक मंडल में डाल दिया है. विधानसभा का घोषणा पत्र पूरा नहीं हुआ, लेकिन आम जनता को ठग रहे हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26